

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024















## गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

*गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

## अवकाश

*इस अवसर पर 26 जनवरी शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 जनवरी रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-'मप्र गान' पर खड़े होने की जरूरत नहीं

# राष्ट्रगान का स्थान नहीं ले सकता है कोई अन्य 'गान'

राज्य सिविल सेवा में चयनित अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र किया संवाद

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रगान का स्थान कोई अन्य गान नहीं ले सकता। इसलिए, मप्र गान के समय खड़े होने की जरूरत नहीं है। राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मप्र गान होने पर जब अधिकारी खड़े हुए तो उन्होंने इशारा कर सभी को बैठा दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश, शहर, गांव अथवा अन्य से संबंधित कोई भी गान बनाया जा सकता है लेकिन वह राष्ट्रगान का स्थान नहीं ले सकता। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने एक समय संकल्प दिलाया था कि जब भी मप्र गान हो तब उसके सम्मान में अफसरों सहित सभी मौजूद लोग खड़े हो जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य सिविल सेवा में चयनित अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने तथा उनके उन्मुखीकरण कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे थे। डॉ. यादव ने अभ्यर्थियों से संवाद में उनके कई प्रश्नों के उत्तर दिए। मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क विभाग में नियुक्त सुश्री हिमांशी बजाज, शिवेंद्र गुर्जर, वाणिज्यिकर अधिकारी सुश्री वर्षा पंवार, वाणिज्यिककर निरीक्षक राहुल विश्वकर्मा तथा अन्य को प्रतीक स्वरूप नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरूण शमी ने प्रदेश की 20 वर्षों की प्रगति यात्रा और प्रमुख सामाजिक आर्थिक संकेतकों पर प्रस्तुतिकरण दिया।



### *नई तकनीक*

### *अपनाने और सीखने की प्रवृति बनाएं*


*डॉ. यादव ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान युग विज्ञान और तकनीक का युग है। सौंपे गए कार्यों के संपादन में नई तकनीक को अपनाकर अपनी क्षमता बढ़ाने तथा कार्य को अधिक से अधिक सक्षमता, पारदर्शिता से शत-प्रतिशत पूर्णता तक ले जाने के लिए हमें संकल्पित रहना है। उन्होंने कहा कि विनम्रता, अहंकार शून्यता और नवाचार की प्रवृत्ति बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए अभ्यर्थियों को प्रेरित किया और कहा कि हमें जो भी दायित्व मिले उसे शत-प्रतिशत सफलता की ओर ले जाने के लिए हम प्रतिबद्ध रहें। डॉ. यादव ने राज्य द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग के संबंध में चाणक्य, पन्नाधाय, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और कर्पूरी ठाकुर के उदाहरण देते हुए अभ्यर्थियों को विनम्र, तालमेल से कार्य करने और अध्ययनशील व सीखने के प्रवृति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।*

### आईआईटी इंदौर के उज्जैन सैटेलाइट परिसर को मिली सैद्धांतिक स्वीकृति



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली पहुंच कर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। प्रधान से मुलाकात में आईआईटी इंदौर के उज्जैन सैटेलाइट परिसर को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई। मुलाकात में तय हुआ कि प्रधान राज्य में आईआईटी दिल्ली के सहयोग से किए जाने वाले कौशल उन्ननयन नवाचारों का शुभारंभ करेंगे और असीरगढ़ किले में वीर सुरेंद्र साईं का स्मारक बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से मप्र के बजट को लेकर चर्चा की। लोकसभा चुनावों के कारण मप्र में बजट के स्थान पर प्रस्तुत किए जाने वाले लेखानुदान पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री रात में ही दिल्ली से इंदौर होते हुए उज्जैन पहुंच गए। उज्जैन में वे 26 जनवरी को ध्वजारोहण करेंगे।

### भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए जारी की कैंपेन थीम




# सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं तभी तो सब मोदी को चुनते हैं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 2024 के अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए कैंपेन थीम लॉन्च की। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा का कैंपेन थीम गीत 'सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं' जारी किया। अभियान लोगों के बीच से निकलकर सामने आया है और भाजपा ने जनभावनाओं के बारे में मिले फीडबैक के अनुरूप इसे अपनाया है।

- नड्डा ने कहा अभियान लोगों के बीच से निकलकर सामने आया

### *यह अभियान मोदी की गारंटी का पूरक*

*इस नए अभियान की थीम 'मोदी की गारंटी', जन आंदोलन के अनुरूप चल रहे राष्ट्रीय उत्साह निर्माण का भी पूरक है। अभियान लॉन्च के दौरान, नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया और इसी दौरान एक संगीत वीडियो जारी किया। इसे लॉन्च किया गया। इसमें दिखाया गया है कि कैसे पीएम मोदी ने करोड़ों भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल दिया है। नड्डा ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से खुद को लोगों की भावनाओं के अनुरूप बनाने व अभियान के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया।*




गणतंत्र दिवस विशेष
हरिभूमि बालभूमि
haribhoomi.com
जबलपुर शुक्रवार, 26 जनवरी 2024
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



# मौलिक अधिकारों के साथ जानो अपने मौलिक कर्तव्य भी

हमारे संविधान ने जहां नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर कुछ मौलिक अधिकार दिए हैं, वहीं कुछ मौलिक कर्तव्य भी सूचीबद्ध किए हैं। देशहित में इनका निर्वाह जरूरी है। बच्चों, तुम्हारे लिए इन मौलिक कर्तव्य की जानकारी जरूरी है, ताकि तुम देश के विकास और अमन-शांति में अपना योगदान दे सको।

जानकारी

शिखर चंद जैन

बच्चों, भारतीय संविधान में नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं, साथ में कुछ मौलिक कर्तव्य भी बताए हैं, जो देश और नागरिकों के हित-कल्याण के लिए जरूरी हैं। सबसे पहले संक्षेप में बात करते हैं मौलिक अधिकारों की। भारतीय संविधान में जो प्रमुख मौलिक अधिकार दिए हैं, वे हैं- अपनी बात की अभिव्यक्ति का अधिकार, अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार, शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार, अच्छा जीवन जीने का अधिकार और व्यक्तिगत पहचान कायम रखने का अधिकार। इन अधिकारों के साथ भारतीय संविधान में बच्चों के लिए भी कुछ मौलिक अधिकार बनाए हैं। जैसे- शिक्षा का अधिकार, बाल मजदूरी से मुक्ति का अधिकार। अगर कहीं बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है या उनके अधिकारों का हनन हो रहा है तो उनके अभिभावक, बच्चों से जुड़ी संस्थाओं या सजग बच्चे कानून की सहायता लेकर अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं।



बच्चों, अब बात करते हैं संविधान में बताए मौलिक कर्तव्यों की, जो देशहित के लिए बहुत जरूरी हैं, इन्हें भी जानो-

**हमारे मौलिक कर्तव्य :** बच्चों, भारतीय नागरिकों को संविधान से अधिकार मिलने के साथ, देश-संविधान के प्रति कुछ दायित्व-कर्तव्य भी बताए गए हैं, जिन्हें निभाने के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए। कम लोगों को पता है कि संविधान में 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को सूचीबद्ध किया गया है। इसकी जानकारी हम सबके लिए जरूरी है।

**जरूरी है संविधान का पालन :** भारत का नागरिक होने के नाते हमें देश के संविधान में पूरी आस्था होनी चाहिए, इसका अनुपालन करना हमारा सर्वप्रथम कर्तव्य है। हमें संविधान का कभी उल्लंघन नहीं करना चाहिए। जब भी किसी को ऐसा करते देखें तो बड़ों को जानकारी में लाएं। इसके अलावा हम कई छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर अपने राष्ट्र को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध बना सकते हैं।

**देश में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखें :** देश में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखना और अपने अलावा दूसरे नागरिकों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना, हर नागरिक कर्तव्य है। साथ ही देश की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा और उसे अक्षुण्णता सभी नागरिकों का आवश्यक कर्तव्य है। हमें जाति, धर्म या संप्रदाय के आधार पर किसी से भेदभाव नहीं करना चाहिए। हमें भी इन मौलिक कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

**राष्ट्रीय गौरव की रक्षा :** देश के स्थापित आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करना हम सबका कर्तव्य है। हमारी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासतों, गौरवशाली इतिहास, स्मारकों, धर्मस्थलों और तीर्थों की रक्षा और सम्मान करना भी हमारा कर्तव्य है। कोई इन्हें नुकसान पहुंचा रहा हो तो उसे रोकें या बड़ों को बताएं।

**सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा :** देश की सार्वजनिक संपत्तियों, सड़कों, परिवहन व्यवस्था आदि को नुकसान से बचाना, उन्हें स्वच्छ रखना और उनका जिम्मेदारी से उपयोग करना हमारा कर्तव्य है। हमें ना किसी प्रकार के हिंसक प्रदर्शन, जान-माल की हानि या आगजनी जैसे कृत्य में शामिल होना चाहिए, ना प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इनका समर्थन करना चाहिए। देश हित के लिए यह जरूरी है।

**पर्यावरण की रक्षा :** पर्यावरण की रक्षा और संवर्धन करना, प्रदूषण ना फैलाना, ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम आदि में देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है। हम बच्चों की भी पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी बनती है, इसके लिए हमें अपने साथियों को भी प्रेरित करना चाहिए। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का मानना है कि देश में 10,000 टन से ज्यादा प्लास्टिक के कचरे का सही निस्तारण नहीं हो पाता, जिससे यह समुद्रों और जमीन में प्रवेश करके प्राकृतिक पर्यावरण को नष्ट करता है। सबसे ज्यादा प्लास्टिक कचरा हमारे घरों से निकलता है। इसलिए हमें प्लास्टिक और ऐसी चीजों के उपयोग से बचना चाहिए। इसमें बच्चे अपना योगदान दे सकते हैं। देश में ही नहीं, विश्व में भी बच्चों ने प्रदूषण के खिलाफ आवाज उठाकर एक मिसाल कायम की है।





**संसाधनों का सही उपयोग :** बिजली और पानी जैसे संसाधनों की बर्बादी ना करना आदि हमारे कर्तव्य हैं। इससे देश को आर्थिक लाभ भी होता है। हमें कमरे से बाहर जाने पर लाइट का स्विच बंद कर देना चाहिए। पानी का इस्तेमाल ना होने पर नल बंद कर देना चाहिए और जरूरत के अनुसार पानी का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन करना जैसी छोटी-छोटी बातें भी जरूरी हैं, इन पर हमें ध्यान देना चाहिए।

बच्चों, हमें यह कभी नहीं समझना चाहिए कि संविधान या देश के प्रति जो कर्तव्य हैं, उनकी जिम्मेदारी बड़ों की है, यह जिम्मेदारी हम बच्चों की भी है। बचपन से ही जब हम इन जिम्मेदारियों को जानेंगे-समझेंगे, इनका निर्वाह करेंगे तो हमारी आदत बन जाएगी। बड़े होने पर देश के प्रति अपने कर्तव्यों और ज्यादा बेहतर ढंग से निभाएंगे, अपने गणतंत्र को मजबूत बनाएंगे। *

बच्चों, किसी राष्ट्रीय समारोह या राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर तुमने 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा' गीत सुना होगा या सबके साथ गाया भी होगा। यह हम भारतीयों का झंडा गीत है। श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' द्वारा रचित यह गीत, झंडा गीत कैसे बना, जानो?

# झंडा गीत के रचनाकार श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'

विभूति

बच्चों, झंडा गीत की रचना श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' ने की थी। श्यामलाल गुप्त का जन्म 9 सितंबर 1896 में उत्तर प्रदेश स्थित कानपुर जिले के नरवल नाम के कस्बे में हुआ था। कविताएं लिखने में उनकी रुचि बचपन से ही थी। सन् 1921 में महात्मा गांधी जी के आह्वान पर अन्य देशवासियों की तरह श्यामलाल भी स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। इस दौरान वह कई बार जेल गए, यातनाएं सहीं और जुर्माने भरे। इस बीच श्यामलाल की कविताएं बराबर समाचार पत्र 'दैनिक प्रताप' में छपती रहीं। सन् 1924 में एक दिन श्यामलाल जी गणेश शंकर विद्यार्थी से मिले। विद्यार्थी जी ने उनसे एक झंडा गीत लिखने का आग्रह किया। तब श्यामलाल जी ने बहुत मेहनत से उसी दिन, रात भर जागकर दो झंडा गीत लिखें और विद्यार्थी जी को दिए। विद्यार्थी जी को दोनों ही गीत पसंद आए। उन्होंने वे दोनों गीत राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन को दिखाए, उन्हें भी ये दोनों गीत अच्छे लगे। लेकिन राजर्षि जी को 'राष्ट्र गगन की दिव्य ज्योति राष्ट्रीय पताका नमो नमो!' से भी ज्यादा 'झंडा ऊंचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा!' पसंद आया, क्योंकि यह गीत सरल शब्दों में लिखा गया था। राजर्षि जी ने झंडा गीत के छह में से दो पद हटा कर उसे चार पदों में कर दिया। इस तरह चार पदों का झंडा गीत भारत के जन-जन के कंठ में बस गया। सबसे पहले झंडा गीत कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन में पंडित जवाहरलाल नेहरू की उपस्थिति में श्रीमती सरोजनी नायडू ने गाया था। गीत इतना जोश भरा और कर्णप्रिय था कि पंडित नेहरू ने इसे 'राष्ट्रीय झंडा गीत' घोषित कर दिया। उस समय भारत की 85 प्रतिशत जनता अशिक्षित थी, लेकिन श्यामलाल जी का झंडा गीत करोड़ों भारतीयों के कंठों में बस कर अमर हो गया। बच्चों, 26 जनवरी 1973 में श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' को मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 4 अगस्त 1997 को उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया गया। *



प्रस्तुतिः शिवचरण चौहान

## बूझो तो जानें



1
26 जनवरी को हुआ लागू,
यह पूरे भारत देश में।
इसीलिए मनाएं गणतंत्र दिवस,
हम सब उल्लास में।।

2
नर पंछी नारी से सुंदर,
वर्षा में नाच है दिखाता।
मनमोहक कृष्ण को प्यारा,
राष्ट्रीय पक्षी कहलाता।

3
जंगल में हो या पिंजरे में,
रौब सदा दिखलाता हूं।
सुनहरे शरीर पर हैं धारियां,
राष्ट्रीय पशु कहलाता हूं।

4
कल बनता धड़ के बिना,
मल बनता सिरहीन।
थोड़ा हूं पैर कटे तो,
अक्षर केवल तीन।



उत्तर: 1-भारतीय संविधान, 2-मोर, 3-बाघ, 4-कमल

## जीके क्विज-89

1. इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड के लिए मुख्य अतिथि के रूप में किसे आमंत्रित किया गया है?
2. हाल में ही किसे भारत रत्न सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई?
3. पहली गणतंत्र दिवस परेड कहां पर आयोजित की गई थी?
4. भारत का संविधान कितने दिनों में तैयार हुआ था?
5. कारगिल युद्ध किस वर्ष लड़ा गया था?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य वीरता सम्मान क्या है?
7. पराक्रम दिवस कब मनाया जाता है?
8. कौन-सा नगर अपने रॉक गार्डन के लिए प्रसिद्ध है?
9. किस राज्य को पांच नदियों की भूमि भी कहां जाता है?
10. मलयालम किस राज्य की भाषा है?



बच्चों, जीके क्विज-89 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-88 का उत्तर:** 1-अर्जुन अवॉर्ड, 2-दूरी, 3-राजस्थान, 4-24 जनवरी, 5-हमिंग बर्ड, 6-मालदीव, 7-हरा, 8-विटामिन सी, 9-2.4 प्रतिशत, 10-भारत

**जीके क्विज-88 का सही उत्तर देने वाले :** अनस-भिलाई, शोभा-धमतरी, सोमना-रायगढ़, सरबजीत-करनाल, प्रभात-बिलासपुर, नीलिमा-धमतरी, गर्वित-रोहतक, आकृति-झज्जर, रौनक-जांजगीर, सुरेश-दिल्ली, मुकुल-रायपुर

## हंसगुल्ले

**टीचर-** रिंकी, यह बताओ कि मोटरसाइकिल में कितने टायर होते हैं?
**रिंकी-** मैडम छह।
**टीचर-** छह कैसे?
**रिंकी-** मैडम चार मोटर के और दो साइकिल के।
-मुन्नू, रायपुर

राजू, रमन, रोहन साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने रोक लिया।
**राजू-** सॉरी अंकल सॉरी! साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज आप किसी और से लिफ्ट ले लीजिए।
-प्रियंका, जबलपुर




**गोलू-**गप्पा, मेरे पास कंबल है, रजाई है, स्वेटर है, स्कॉफ है, तुम्हारे पास क्या है?
**गोलू-** मेरे पास गर्म पानी है।
-सूरज, रोहतक

कहानी

आशा शर्मा

स्कूल में टीचर्स ही नहीं, प्रिंसिपल साहब भी राजा के प्रशंसक थे। लेकिन रिंकू को राजा फूटी आंख भी नहीं सुहाता था। गणतंत्र दिवस के दिन स्कूल में हुए समारोह के बाद राजा ने जो काम किया, प्रिंसिपल साहब ही नहीं, समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आए रिंकू के पापा ने भी उसे शाबाशी दी। ऐसा क्या अनोखा किया राजा ने, जो सबकी आंखों का तारा बना।

# स्वच्छता सेनानी



रिंकू के पापा एक बड़े सरकारी अधिकारी हैं। पिछले साल ही उनका ट्रांसफर यहां नए शहर में हुआ था। रिंकू को अपने पापा के बड़ा अधिकारी होने का बहुत घमंड था। एक दिन हिंदी की क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा, 'क्या कोई बता सकता है कि जनवरी माह में कौन-सा विशेष दिन आता है?'

'छब्बीस तारीख को गणतंत्र दिवस आता है।' राजा ने हाथ ऊपर करते हुए उत्तर दिया।

'शाबाश!' मास्टर जी ने राजा की प्रशंसा की। यह देखकर रिंकू ने मुंह बना लिया। उसे राजा जरा भी अच्छा नहीं लगता है।

'पता नहीं क्यों स्कूल में सब उसे अच्छा कहते हैं। मुझे तो उसमें कोई अच्छी बात नजर नहीं आती।' रिंकू मन ही मन सोचने लगा।

गणतंत्र दिवस से जुड़ी कई जानकारियां मास्टर जी ने आज क्लास में दी, लेकिन रिंकू का ध्यान तो केवल राजा पर ही टिका हुआ था।

'पढ़ने में अच्छा है तो क्या हुआ! सेहत तो देखो, मरगिल्ली-सा। ना बड़ा घर ना गाड़ी। इसके पापा भी बड़े आदमी नहीं। फिर सब लोग इसे इतना पसंद क्यों करते हैं?' रिंकू दिन भर राजा के बारे में ही सोचता रहा।

गणतंत्र दिवस समारोह में रिंकू के पापा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। यह पता चलते ही रिंकू अपने आपको बहुत खास महसूस करने लगा। समारोह में रिंकू भी अपने पापा के साथ उनकी सरकारी गाड़ी में बैठकर स्कूल आया। स्कूल के मुख्य दरवाजे पर खड़े चौकीदार ने उसके पापा को जोर से सलाम ठोका, तो रिंकू का सिर कुछ और तन गया। गणतंत्र दिवस समारोह शुरू हुआ तो वह अपने स्कूल के बच्चों के बीच अपने आप को बहुत खास समझ रहा था।

गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में बहुत से लोग उपस्थित थे। कुछ बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देनी थी, कुछ को उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करना था। इन सबके साथ-साथ बच्चों के अभिभावक भी स्कूल समारोह में उपस्थित थे।

कार्यक्रम बहुत ही अच्छे से संपन्न हुआ। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपने संबोधन में रिंकू के पापा ने बच्चों को साफ-सफाई के महत्व और महापुरुषों के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के बाद रिंकू के पापा ने स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया। मिठाई वितरण के बाद प्रिंसिपल साहब पापा को लेकर हॉल में गए, जहां उनके नाश्ते का प्रबंध किया गया था। रिंकू भी उनके साथ अंदर गया।

वापस बाहर आने पर सबने देखा कि समारोह से पहले जो परिसर सजा हुआ और साफ-सुथरा दिखाई दे रहा था, वहीं अब इधर-उधर मिठाई के जूठे दोने बिखरे पड़े हैं। सजावट के लिए लगाए गए गुब्बारे और रंगीन झालरें भी नष्ट होकर जमीन पर गिरी हैं। परिसर की यह हालत देखकर प्रधानाध्यापक जी रिंकू के पापा के सामने बहुत शर्मिंदा महसूस कर रहे थे।

तभी सबने देखा कि हाथों में दस्ताने पहने और चेहरे पर मास्क लगाए एक बच्चा परिसर में बिखरा कूड़ा उठाकर उसे डस्टबिन में डाल रहा है। सबका ध्यान उस बच्चे की तरफ था, लेकिन बच्चे का ध्यान किसी पर भी नहीं था। वह चुपचाप अपना काम कर रहा था। यह देखकर प्रिंसिपल जी के चेहरे पर प्यार भरी मुस्कान तैरने लगी। उन्होंने उसे आवाज दी। बच्चे ने पास आकर अपना मास्क उतारा और बोला, 'नमस्ते सर!'

मास्क उतारते ही रिंकू हैरान रह गया। यह तो राजा था।

'मैं जानता था, यह राजा ही होगा।' कहते हुए प्रिंसिपल ने गर्व से रिंकू के पापा की तरफ देखा।

'यह बच्चा हमारे स्कूल की शान है। स्कूल परिसर को खुद भी साफ रखता है और दूसरे बच्चों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है। मैं तो इसे स्वच्छता सेनानी कहता हूं।' प्रिंसिपल साहब ने राजा की तारीफ करते हुए कहा।

रिंकू के पापा ने भी उसकी पीठ ठोक कर उसे आशीर्वाद दिया, साथ ही अपनी जेब में से पेन निकालकर राजा को देते हुए बोले, 'यह छोटा-सा सम्मान स्वच्छता सेनानी के लिए।'

रिंकू ने आगे बढ़कर राजा को गले से लगा लिया। वह समझ गया था कि राजा के इसी अच्छे स्वभाव के कारण सब उसे पसंद करते हैं। *

कविता

गौरीशंकर वैश्य विनम्र



## सैनिक

रक्षाधर्म निभाते सैनिक।
'वंदेमातरम्' गाते सैनिक।
भारत को कोई ललकारे
उसको सबक सिखाते सैनिक।
निज तन की परवाह न करते
हंसकर प्राण लुटाते सैनिक।
'जय जवान' का घोष सुनें जब
गर्व से हैं भर जाते सैनिक।
मां के वीर सपूत कहलाते
कभी न पीठ दिखाते सैनिक।
घर-कुटुंब की करें न चिंता
त्यागी भाव जगाते सैनिक।
राष्ट्र कृतज्ञ कभी न भूले
हो शहीद जब जाते सैनिक।

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां पर रिपब्लिक-डे सेलिब्रेशन से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में पांच अंतर हैं। जल्दी से ये अंतर ढूंढ़कर बताओ तो जरा।



उत्तर: 1-आसमान में सूरज नहीं दिख रहा है। 2-लड़की के टॉप पर डिजाइन बना दिख रहा है। 3-डॉगी के बैठने की स्थिति में अंतर है। 4-नीले रंग की गेंद दिख रही है। 5-लड़के के सिर पर पहनी टोपी का रंग नीला है।

## गिनकर बताओ

बच्चों, दिए गए चित्र में आसमान में कई सारे गुब्बारे दिख रहे हैं। तुम्हें जल्दी से गिनकर यह बताना है कि इस चित्र में तिरंगे गुब्बारों की कुल संख्या कितनी है।



उत्तर: 13

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां पर गणतंत्र दिवस उत्सव से जुड़ा एक अधूरा चित्र दिया गया है। इसे पूरा करने के लिए चित्र के साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : a-2, b-3, c-4, d-1

जबलपुर

गुरुवार, 26 जनवरी 2024

- माघ मास कृष्ण पक्ष-1
- वर्ष : 18, अंक : 263
- पृष्ठ : 2+10+4=16, मूल्य : 3.00

मौसम
अधि. 28
न्यून. 10

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### बाल अपचारी बाल संप्रेक्षण गृह से भागे

**भोपाल।** जिले के बाल संप्रेक्षण गृह से छह बाल अपचारी फरार हो गए। इन्हें नहाने के लिए गर्म पानी दिया जा रहा था, इस दौरान वह कर्मचारी को धक्का देकर बाहर निकले और फिर दीवार लांघकर फरार हो गए। यह सभी 6 बाल अपचारी अलग-अलग थानों में गंभीर मामलों में शामिल थे। इसके अलावा तीन बाल अपचारी पूर्व डीजीपी की नातिन अक्षरा के हत्याकांड में भी आरोपी हैं। घटना के बाद पुलिस ने बाल अपचारियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, पूर्व डीजीपी के घर के सुरक्षा भी बढ़ा दी गई।



### एक्स प्रेमी ने दोस्तों संग किया रेप, वीडियो बनाया

**इंदौर।** पुलिस ने महिला का अपहरण कर उसके साथ गैंगरेप करने के आरोप में मुख्य आरोपी 20 साल के अंकित कदम समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। द्वारिकापुरी नगर निरीक्षक अनिल गुप्ता ने कहा, 'महिला और अंकित कदम अच्छे दोस्त थे। कदम ने उसे शादी के लिए प्रपोज किया, लेकिन महिला ने इनकार कर दिया और दूसरे शख्स से शादी कर ली। सितंबर 2023 में, कदम ने उसे उसके घर से किडनैप कर लिया और आईडीए की पुरानी इमारत में गैंगरेप किया।



### कंटेनर की टक्कर से 12 श्रद्धालुओं की मौत

**शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के ऑटो को कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसा गुरुवार की सुबह करीब 10:30 बजे अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ।

### जंतर-मंतर देखा, फिर किया हवा महल तक रोड शो, पूरे रास्ते हुई फूलों की वर्षा

# पीएम मोदी और मैक्रों के 'बीच' बॉन्डिंग से दुनिया को बड़ा संदेश

दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया व उसके बारे में जाना।



होटल रामबाग पैलेस में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई, दोनों नेता रात में ही दिल्ली पहुंच गए

## इस बॉन्डिंग से दुनिया को यह बड़ा संदेश गया कि फ्रांस भारत का सबसे भरोसेमंद साथी है

मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि

फ्रांस की वायु सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान और एक एयरबस ए-330 मल्टी-रोल टैंकर परिवहन विमान भी समारोह में शामिल होंगे



एजेंसी ⏭ जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के बीच गुरुवार को गजब की बॉन्डिंग नजर आई। इस बॉन्डिंग से दुनिया को यह बड़ा संदेश गया कि फ्रांस भारत का सबसे भरोसेमंद साथी है। इस दोनों नेताओं की मुलाकात जयपुर में गर्मजोशी से भरी रही। मैक्रों ने जयपुर में पीएम मोदी के साथ रोड शो भी किया। यह रोड शो जंतर मंतर से हवा महल तक किया गया। इस दौरान दोनों नेता एक गाड़ी पर खड़े नजर आए। दोनों नेताओं ने हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन किया। दोनों नेता एक वाहन पर खड़े दिखे और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

### मैक्रों आमेर के किले भी पहुंचे, कलाकारों से बात की

मैक्रों का काफिला हवाईअड्डे से आमेर के किले के लिए रवाना हुआ। रास्ते में जगह जगह स्कूली बच्चों व आम लोगों ने काफिले का स्वागत किया। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बात करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। किले में विदेश मंत्री जयशंकर तथा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजदू थी। यहां मैक्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा।

#### दोनों नेताओं ने बड़ी चौपड़ में हवा महल के सामने चाय पी

पीएम मोदी ने मैक्रों को यूपीआई पेमेंट डिजिटल सिस्टम के बारे में जानकारी दी। हवा महल देखते समय मैक्रों ने 2 सवाल भी पूछे। पहला- हवा महल में कितनी खिड़कियां हैं। दूसरा- इसमें लगे शीशे का रंग नीला क्यों है। इस बीच दोनों नेता बड़ी चौपड़ में हवा महल के सामने चाय पी। मैक्रों और मोदी जंतर-मंतर पर बने सम्राट यंत्र को देखा। यह जंतर-मंतर पर सबसे बड़ा यंत्र है। इसकी ऊंचाई 90 फीट है।

#### गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छठे फ्रांसीसी नेता

*दिल्ली में मैक्रों कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। फ्रांसीसी सेना की एक टुकड़ी इस साल के गणतंत्र दिवस परेड में भाग ले रही है। फ्रांस की वायु सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान और एक एयरबस ए330 मल्टी-रोल टैंकर परिवहन विमान भी समारोह में शामिल होंगे। मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने वाले छठे फ्रांसीसी नेता (पांचवे राष्ट्रपति) हैं, उनसे पहले 2016 में तत्कालीन फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद, 2008 में निकोलस सरकोजी, 1998 में जैक्स शिराक, 1980 में वालेरी गिस्कार्ड डी'एस्टैंग और 1976 में प्रधान मंत्री जैक्स शिराक भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बन चुके हैं।*

### बिहार में फिर सियासी हलचल तेज

# नीतीश का 'इंडिया' से मोहभंग फिर जा सकते हैं मोदी के 'संग'

*नीतीश कुमार के करीबी नेता दिल्ली पहुंचे, भाजपा के प्रमुख नेताओं को शाह ने अचानक बुलाया*



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अगले कदम को लेकर चल रही अटकलें एक बार फिर तेज हो गई हैं। लोकसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ सियासी घटनाक्रम तेजी से बदलता हुआ नजर आ रहा है। दरअसल, गुरुवार को जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी के दिल्ली पहुंच गए। इनके अलावा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सम्राट चौधरी को भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अचानक दिल्ली बुला लिया है।

सम्राट के साथ अश्विनी चौबे भी दिल्ली पहुंच गए हैं। तीनों ही नेता एक ही फ्लाइट से दिल्ली गए। ऐसी अटकलें हैं कि नीतीश कुमार एक बार फिर आईएनडीआईए से अलग होने जैसा कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। माना जा रहा है कि वे एनडीए के दरवाजे पर खड़े हैं। एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परिवारवाद को लेकर निशाना साधा था। वहीं, गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपी में बुलंदशहर के भाजपा कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन संबोधित करते हुए परिवारवाद पर हमला बोला था।

गौर हो कि लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने नीतीश के लेकर कुछ राजनीतिक संकेत दिए थे, बाद में उन्होंने तीनों पोस्ट हटा लिए थे। नीतीश ने जदयू के नेताओं की शुक्रवार शाम अपने बंगले पर बैठक बुलाई। इस संभावना पर विचार किया जा रहा है कि क्या विधानसभा अपने टर्म से पहले भंग की जा सकती है? सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक गलियारों में ये भी कयास जारी हैं कि भाजपा का सीएम हो सकता है।

#### पीएम मोदी, शाह और नड्डा में चर्चा


नीतीश कुमार भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के संपर्क में बने हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि नीतीश कुमार के मुद्दे को लेकर पीएम मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से करीब 3 घंटे तक चर्चा की है।

#### राहुल के साथ नहीं दिखेंगे नीतीश

नीतीश कुमार 30 जनवरी को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी की पूर्णिया में होने वाली रैली में नहीं शामिल होंगे।

### महिला से शू-लेस बंधवाने वाले एसडीएम को हटाया

**:भोपाल।** सिंगरौली में महिला कर्मचारी ने जिस एसडीएम के लेस बांधे थे, उन्हें सीएम डॉ. मोहन यादव ने हटा दिया है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि सिंगरौली जिले के चितरंगी में एसडीएम असवन राम चिरावन द्वारा एक महिला से उनके जूते के फीते बंधवाने का मामला सामने आया है, जो अत्यंत निंदनीय है। इस घटनाक्रम को लेकर एसडीएम को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। हमारी सरकार में नारी सम्मान सर्वोपरि है। असवन को अगले आदेश तक विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग (पूल) के पद पर भेजा गया है। उनकी जगह माइकल तिर्की को चितरंगी एसडीएम बनाया गया है। कलेक्टर को कारण बताते हुए डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि उनके पैर में चोट लगी हुई है। बाकायदा मेडिकल रिपोर्ट दिखाते हुए अपना पक्ष रखा। इसके बाद कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट जीएडी को भेज दी। इसके बाद भोपाल में एक कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- गनीमत है कि एसडीएम को सिर्फ हटाया, सस्पेंड नहीं किया। बीमार हैं तो छुट्टी पर चले जाते, किसने रोका है।



### :पद्म पुरस्कारों का ऐलान:

## वेंकैया, वैजयंती माला समेत 5 को पद्म विभूषण; मिथुन, राम नाइक समेत 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री


**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार (25 जनवरी) को पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया गया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण और 110 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार दिए जाएंगे। एक्ट्रेस वैजयंती माला, वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण और मिथुन चक्रवर्ती, ऊषा उत्थुप का नाम पद्म भूषण अवॉर्ड के लिए चुना गया है। 2024 के लिए पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है। इसके अलावा लिस्ट में चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं।

पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 30 महिलाएं हैं। इनमें 8 विदेशी कैटेगरी के लोग भी हैं। 9 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इससे पहले 23 जनवरी को सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान किया था।

#### वीरता पुरुस्कार/गैलेंट्री अवार्ड भी घोषित

### नक्सलियों को ढेर करने वाले अंशुमान, शुक्ल और कापसे को वीरता पदक

**:भोपाल।** 43 लाख रुपए के इनामी नक्सलियों को मार गिराने वाले मध्यप्रदेश के तीन पुलिस कर्मचारियों को गैलेंट्री अवार्ड मिलेगा। इसके साथ ही चार आईपीएस अफसरों को विशिष्ट सेवा और 19 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय सेवा पदक दिया जाएगा। 15 अगस्त को दिए जाने वाले इन पुरस्कारों की घोषणा केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कर दी है। मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के जामसेहरा में 43 लाख रुपए के इनामी नक्सलियों को मार गिराने वाले अंशुमान सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अनिल कुमार शुक्ल हेड कांस्टेबल, मनोज कुमार कापसे हेड कांस्टेबल को गैलेंट्री अवार्ड (वीरता पदक) के लिए चुना गया है। इन्हें 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। आईजी सुशांत सक्सेना ने यह जानकारी दी। डीजीपी सुधीर सक्सेना ने वीरता पदक प्राप्तकर्ता पुलिस अधिकारियों को फोन पर बधाई देते हुए उनके वीरता पूर्ण कार्य की प्रशंसा की।


नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
MASSEY FER
विकास के अमृत काल में संवैधानिक मूल्यों के साथ
रामराज्य की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सशक्त और आत्मनिर्भर नारी शक्ति | अंत्योदय उत्थान
समृद्ध होता अन्नदाता | सक्षम युवा | सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं | सांस्कृतिक समृद्धि
75 वें गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
आइये, हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक ऐसे गणतंत्र के रूप में लेकर आगे बढ़ें, जो सुराज, सुशासन सम्मत कार्यशैली और रामराज्य के आदर्शों का द्योतक हो, जिसमें सबका हित - सबका मंगल समाहित हो। शुभकामनाएं।
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024
D-11180/23

## केंद्र और शिपबिल्डर्स के बीच 1070 करोड़ के रक्षा सौदे पर सहमति

# केंद्र सरकार का बड़ा कदम... अब अभेद्य होगी समुद्री तटों की सुरक्षा

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तट रक्षा सुनिश्चित करने बड़ा कदम उठाया है। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन किया जाएगा। जिसे 5 साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तटों रक्षा सुनिश्चित करने के लिए 14 तेज गति से निगरानी करने वाले शिप के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ 1,070 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किया। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन, विकसित किया जाएगा, जिसे पांच साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा। विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों के अलावा एफपीवी बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट लाइफबॉय और एआई क्षमता से लैस होंगे। इससे भारतीय तटरक्षकों को चुनौतियों का सामना करने में मदद और परिचालन में आसानी होगी।

**खास बातें**

- पांच वर्षों के भीतर सौंपा जाएगा यह आधुनिक शिप
- तटरक्षकों को नई चुनौतियों का सामना करने में मिलेगी मदद

**शक्तिशाली**

समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी में मजबूत भूमिका

बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस और एआई क्षमता से लैस



**तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा**

*इन शिपों (एफपीवी) के अधिग्रहण का उद्देश्य भारतीय तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा देना और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। बता दें कि करीब एक महीने पहले भारतीय तटरक्षक बल के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से युक्त अगली पीढ़ी के 6 अपतटीय गश्ती जहाजों के अधिग्रहण के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा एमडीएल के साथ 1,614 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था। इस तरह यह सौदा आत्मनिर्भर भारत को भी बढ़ावा देगा।*

**एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन में मददगार**

ये शिप (एफपीवी) मत्स्य पालन संरक्षण और निगरानी, नियंत्रण और निगरानी, तस्करी विरोधी अभियान, खोज और बचाव अभियान,संकट में जहाज या शिल्प को सहायता, टोइंग क्षमताओं,एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन, समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## आर्मी चीफ बोले- एक साथ तीन देशों को मिटाने की रखते हैं क्षमता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पड़ोसी देश पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति से हर कोई वाकिफ है। इसके बाद भी पाकिस्तान वेबजह की बयानबाजी कर रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक साथ तीन मुल्कों को धमकी दे डाली है। इन तीन देशों में भारत के साथ ईरान और अफगानिस्तान शामिल हैं। ईरान द्वारा हाल ही में पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के चलते दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। जानकारों के मुताबिक अफगानिस्तान, ईरान और भारत की नजदीकियों की वजह से पाकिस्तानी सेना बौखलाई हुई है। यही वजह है, कि अब पाकिस्तानियों के सामने अपनी नाक बचाने के लिए आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने ऐलान किया है कि वो एक साथ तीन दुश्मनों से निपटने की क्षमता रखते हैं।




पाक में चुनाव प्रचार जोरों पर

## नवाज शरीफ की रैली में समर्थक ले आए असली शेर



एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होगा। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। नवाज शरीफ की रैली में पीएमएलएन समर्थक असली शेर ही ले आए। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। पाकिस्तान के लाहौर में नेशनल असेंबली 130 पर शरीफ की पार्टी ने विशाल रैली का आयोजन किया।


## जम्मू में चलेंगी 100 ई-बसें

### स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने खर्च किए 950 करोड़

एजेंसी ▸▸ जम्मू

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वर्चुअल मोड से जम्मू में ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। यह कार्यक्रम जम्मू कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 100 ई-बसों को जम्मू में चलाने के लिए लगभग 950 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह बसें जम्मू में 11 रूटों पर दौड़ेंगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ, सांसद जुगल किशोर शर्मा, राज्यसभा सांसद गुलाम अली उपस्थित रहे। इसके अलावा दिल्ली से संयुक्त सचिव भी जम्मू पहुंचे।

### हर 20 मिनट पर मिलेगी बस सुविधा



ई-बस का फायदा यह है कि बस हर बीस मिनट बाद आएगी और रात 11 बजे तक इसकी सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। जम्मू शहर में मेटाडोर रात 8 बजे तक की चलती है। ऑटो चालकों के मनमाने किराये से भी निजात मिलेगी। बता दें कि बस में किसी की तबीयत बिगड़ने पर स्वास्थ्य सुविधा भी मिलेगी। इतना ही नहीं चोरी होने या फिर छेड़छाड़ होने पर चालक के माध्यम से कॉल नजदीकी पुलिस स्टेशन में की जाएगी। बसें सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगी।

## इजराइल नए तरीके से हूतियों को चखाएगा मजा, कार्य जल्द शुरू



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इजराइल और हमास में जंग जारी है। इसी बीच हमास के समर्थित यमन के हूती विद्रोही इजराइल जाने वाले कारोबारी जहाजों पर निशाना बना रहे हैं। ऐसे में इजराइल ने भारत से कारोबार जारी रखने नई तरकीब निकाली है। इससे इजराइल से यमन के पास लाल सागर से आने जाने वाले जहाजों में लदे माल को हूती विद्रोहियों से कोई खतरा नहीं होगा। हूतियों के इजराइली जहाजों पर हमलों के बीच इजराइल अब भारत के साथ व्यापार के लिए यूएई के माध्यम से माल परिवहन करने की योजना पर काम कर रहा है।


हालांकि अभी यूएई के अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

**इजराइल ने टीमों का गठन किया**

इजराइल के परिवहन मंत्री मिरी रेगेव ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि हमने अबु धाबी से इजराइल तक माल को जमीनी रास्ते से लाने के लिए पेशेवर टीमें गठित की हैं। उन्होंने कहा कि माल के भूमि परिवहन से समय 12 दिन कम हो जाएगा और हूतियों के हमले की समस्या के कारण मौजूदा प्रतीक्षा समय भी काफी कम हो जाएगा। हम यह करेंगे और हम सफल होंगे।

**हमास के समर्थक हैं**

इजराइल और हमास की जंग से हूती विद्रोही इजराइल के विरोध में तनाव को बढ़ा रहे हैं। हूती विद्रोही हमास के समर्थक हैं, हूतियों को भी ईरान की ओर से मदद मिलती है। ऐसे में हमास पर इजराइल के हमले का हूती विद्रोही भी विरोध कर रहे हैं और इजराइली जहाजों पर अटैक कर रहे हैं। इजराइली हमलों में अब तक 25295 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।



## खबर संक्षेप



### विश्व हिंदी दिवस समारोह अवसर पर पुरस्कृत

**भोपाल।** विदेश मंत्रालय, राजभाषा विभाग ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, भोपाल को दिल्ली में जवाहर लाल नेहरू भवन में आयोजित हुए विश्व हिंदी दिवस समारोह में पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार भोपाल पासपोर्ट कार्यालय को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी द्वारा प्रदान किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शितांशु चौरसिया एवं उनके पीए वरुण चौधरी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### एयर फोर्स इलेक्ट्रिशियन का हुआ प्रशिक्षण

**भोपाल।** शासकीय संभागीय आईटीआई ग्वालियर में प्लेसमेंट सेल द्वारा नए साल में नवाचार के तहत मिलिट्री इंजीनियरिंग सेवा में एयर फोर्स यूनिट में कार्यरत इलेक्ट्रिशियन एवं एसी तकनीशियन को उन्नत प्रशिक्षण दिया गया। कर्नल अनुपमा अग्रवाल (कमांडेंट वर्क्स) एयरफोर्स यूनिट, ग्वालियर ने प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रशिक्षण गुणवत्ता की प्रशंसा की।

### एक दिन में बनेगा आय-मूल निवास प्रमाण-पत्र

**भोपाल।** अगर आप मध्यप्रदेश के निवासी हैं और अपना आय या मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे हैं, तो चिंता मत कीजिए। अब आपको सिर्फ 181 पर कॉल करना होगा। यहां आधार नंबर बताकर प्रमाणपत्र ले सकते हैं। जिसके लिए आपके मोबाइल के वाट्सएप पर लिंक सेंट कर दी जाएगी। जिसके आधार पर कॉपी निकाली जा सकती है। सिटीजन केयर योजना के तहत यह सेवा दी जा रही है। वर्तमान में आम लोगों को आय और मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नजदीकी लोक सेवा केंद्र में जाकर आवेदन करना पड़ता है। जिसके लिए 20 रुपए लोक सेवा केंद्र की फीस भी चुकाना पड़ती है। इसके बाद सुबह आवेदन करने के बाद शाम को प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। सिटीजन केयर योजना के तहत आम लोग अब इस सेवा का फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए 181 पर कॉल करने के बाद सिर्फ आधार की जानकारी देना है। जिसके बाद वाट्सएप पर आय और मूल निवास प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। लोक सेवा केंद्र प्रबंधक प्रसून सोनी का कहना है कि सिटीजन केयर योजना के तहत आय और मूल निवास की सेवाएं दी जा रही हैं। जिससे आम लोगों को बिना राशि खर्च किए तुरंत आय और मूल निवास प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा। जिले के कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया लोकसेवा केंद्रों का काम नए ठेकेदारों ने संभाल लिया है। दरअसल इस बार आवेदकों से 20 रुपए प्रोसेसिंग फीस ली जा रही है, जबकि ठेकेदारों ने 40 रुपए के हिसाब से टेंडर फाइल किया था। 16 जनवरी के बाद केंद्रों पर व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है।

## राहुल गांधी के राम लहर वाले बयान पर भाजपा आक्रामक कांग्रेस को कोसा

# कांग्रेस का मूल चरित्र रामद्रोही व सनातन विरोधी उसका प्रकटीकरण राहुल गांधी का यह बयान है

**राहुल के बयान पर कांग्रेस ने दी अपनी सफाई**

हरिभूमि चर्चा

*अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर राहुल गांधी के बयान पर भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक है। दरअसल, राहुल गांधी ने कहा था कि देश में कोई राम लहर नहीं है। यह प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम था और अब लोग काम में जुट गए हैं।*

### जो बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कराना चाहते हों, वह प्रभु श्री रामलला के विराजने से आनंदित कैसे होंगे?

जिनके लिए श्रीराम काल्पनिक थे, उनको राम लहर कैसे दिखाई देखी। जिनके इरादे सनातन को खत्म करने के हो, उनके रोम-रोम राम मय कैसे होंगे और जो बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कराना चाहते हों, वह प्रभु श्रीरामलला के अयोध्या विराजने से आनंदित कैसे होंगे। तो जो दिल में है, वह राहुल गांधी की जुबान पर आ गया। कांग्रेस का मूल चरित्र रामद्रोही और सनातन विरोधी है, उसका प्रकटीकरण राहुल गांधी का यह बयान है।

**आशीष अग्रवाल**
प्रदेश मीडिया प्रभारी, भाजपा



### वो राम के अस्तित्व को नकारते हैं, न तो उन्हें प्रभु राम दिखते हैं और न ही राम नाम की लहर

राहुल गांधी ठीक कह रहे हैं। जो राम के अस्तित्व को नकारते हैं तो न तो उन्हे प्रभु राम दिखते हैं और न ही राम नाम की लहर दिखेगी। हर सनातनी के रोम रोम में राम बसे है, पर तुष्टिकरण करने वालों को वह नहीं दिखेंगे। यही कारण है कि राहुल गाधी और उनका परिवार चुनाव में हिंदू बन जाते हैं, अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण के बाद भी शामिल नहीं हुए।

**पंकज चतुर्वेदी**
भाजपा प्रवक्ता



### राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोका

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 22 जनवरी को लोग अपने इलाके के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के दिन शामिल होंगे। उस दिन राहुल गांधी की न्याय यात्रा असम में थी। राहुल मंदिर जाना चाहते थे लेकिन असम की सरकार ने उन्हें जाने नहीं दिया। अन्य लोगों को भी कार्यक्रम में नहीं बुलाया।



**दिग्विजय सिंह**, पूर्व सीएम मप्र

### आस्था से खिलवाड़ कर रही भाजपा

लोकसभा चुनाव के लिए राम मंदिर पर भाजपा ने प्लान तैयार किया है। कारसेवकों को प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में क्यों नहीं बुलाया। अधूरे मंदिर के निर्माण में प्राण-प्रतिष्ठा का कोई भी तर्क नहीं है। भाजपा ने लोगों को गुमराह करने की कोशिश की है। भाजपा लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है।



**उमंग सिंगार**, नेता प्रतिपक्ष

## पीएम मोदी की पहल से महाकाल लोक के निर्माण के बाद बढ़ा स्थानीय पर्यटन: सीएम डॉ.यादव

# उज्जैन आने-जाने के लिए हवाई सेवाएं होगी शुरू धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल से महाकाल लोक के निर्माण के बाद से स्थानीय पर्यटन बढ़ा है। उज्जैन आने-जाने के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए आवागमन के अन्य साधनों को बढ़ाने के साथ बेहतर हवाई सेवाएं भी प्रारंभ की जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए चल रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करने के बाद चर्चा कर रहे थे। उन्होंने व्यवस्थाओं के अवलोकन के दौरान संबंधित अधिकारियों से कार्यों की गुणवत्ता और पूर्णता के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए चल रहे विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण




### मुख्यमंत्री ने सुंदरपुरी महाराज से भेंट कर लिया आशीर्वाद

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने क्षिप्रा तट स्थित दत्त अखाड़ा पहुंचकर सुंदरपुरी महाराज से भेंट की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव हनुमंत आश्रम में हजारी हनुमान मंदिर में दर्शन व पूजन करने पहुंचे और गो-सेवा कर जगत कल्याणी गो-माता को प्रणाम किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। संत समाज के आशीर्वाद से राज्य सरकार जनकल्याण और विकास के कार्यों में नए आयाम स्थापित करेगी।*

### मालवा के लोग उज्जैन दर्शन के लिए अनिवार्य रूप से आते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मालवा क्षेत्र में आने वाले पर्यटक अनिवार्य रूप से महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आते हैं। आगामी सिंहस्थ के दृष्टिगत विभिन्न व्यवस्थाएं आवश्यक हैं। प्रयास है कि बाबा महाकाल के दर्शन आसानी से कम समय में संभव हो, विशेष रूप से दिव्यांगजन, वृद्ध और बच्चे शीघ्र दर्शन कर सकें। धार्मिक-आध्यात्मिक मान्यताओं में विश्वास रखने वाले और जिज्ञासुजन महाकाल लोक के साथ ही विभिन्न संग्रहालय देखें। सनातन संस्कृति को समझें। पर्यटकों और श्रद्धालुओं को नई व्यवस्थाओं का लाभ देने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकास के साथ ही सनातन संस्कृति के संरक्षण और अन्य धर्मों के लिए भी आवश्यक कार्यों के साथ आगे बढ़ रही है।

### महामंडलेश्वर शेखर महाराज का प्राप्त किया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महामंडलेश्वर अतुलेशानंद आचार्य शेखर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उज्जैन में चिंतामन गणेश रोड स्थित महाराज आचार्य शेखर के राजराजेश्वरी आश्रम पहुंचने पर बटुकों ने मंत्रोच्चार कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिनंदन किया गया। आचार्य शेखर ने कलावा बांधकर तिलक लगाकर मुख्यमंत्री को आशीर्वाद प्रदान किया व प्रदेशवासियों के मंगल की कामना की।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास थाना टीम को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देशभर के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन होने पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि यह उपलब्धि देवास सहित हम सभी मध्यप्रदेश वासियों के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे देश में मप्र के थाने का चयन होना सुशासन एवं बेहतर कानून व्यवस्था का उत्तम उदाहरण है।

### उज्जैन में सुविधायुक्त हेलीपेड और हवाई अड्डा बनेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र के लोग प्रधानमंत्री मोदी के आभारी हैं, क्योंकि उज्जैन के महाकाल लोक के निर्माण के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना-जाना बढ़ा है। हाल ही में अयोध्या में राम मंदिर महोत्सव के बाद उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी हवाई सेवाओं की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। उन्होने कहा कि इसके लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी, ताकि उज्जैन में सुविधायुक्त हेलीपेड एवं एयरपोर्ट बन सके।

### सीएम 686 अभ्यर्थियों को देंगे नियुक्ति-पत्र

मध्यप्रदेश सिविल सेवा के वर्ष 2019 एवं वर्ष 2020 के लिए चयनित 686 अभ्यर्थियों को राज्य सरकार के विकास विजन से परिचित कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 25 जनवरी को रवीन्द्र भवन में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे और सुशासन की प्रक्रियाओं पर संवाद करेंगे।

## चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से राज्य स्तर पर कटौती नहीं करें: कैलाश



**चुंगी क्षतिपूर्ति राशि का अन्य मदों में समायोजन करने से निकाय आर्थिक दिक्कत में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि का अन्य मदों में समायोजन करने से नगरीय निकायों को आर्थिक दिक्कतें पैदा हो जा रही है। उन्होंने वित्त अधिकारियों से कहा कि कुछ ऐसा करें कि निकायों की इस राशि का अन्य मदों में कटौती नहीं हो। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे निकायों को अतिरिक्त राशि पैदा करने के उपाय बताएं तथा साथ में उन्हें हिदायत भी दें कि अब ऐसे काम नहीं चलेगा, उन्हें हर हाल में निकाय की आय बढ़ानी होगी।

मंत्री विजयवर्गीय बुधवार को मंत्रालय में वित्त और नगरीय विकास विभाग व वित्त विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं निरंतर रूप से मिल सके, इसके लिए उन्हें वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दें।

### विद्युत कंपनियों को जमा कराई जाए राशि

मंत्री विजयवर्गीय ने निर्देश दिए कि नगरीय निकायों को देय चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि से राज्य स्तर पर कटौती नहीं की जाना चाहिए। ऐसी व्यवस्था हो कि नगरीय निकाय विद्युत देयक की राशि स्वयं विद्युत कंपनी को जमा करें।

### जो भी जनप्रतिनिधि निकायों में आए, उनका सम्मान हों

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आयुक्त नगरीय विकास संचालनालय में आने वाले जनप्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार हों और उनकी समस्याओं के समाधान की व्यवस्था करें। उन्होंने बुधवार को शिवाजी नगर स्थित पालिका भवन संचालनालय के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिए। मंत्री विजयवर्गीय ने भू-तल पर स्थित अपर संचालक अनिल कुमार गौड़ के कक्ष का निरीक्षण कर पेंशन और स्थापना संबंधी कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद मंत्री विजयवर्गीय ने प्रथम तल पर पेंशन व शिकायत शाखा का निरीक्षण किया।

## कोहरे का असर: अचानक फ्लाइटें हुई रद्द तो यात्रियों ने रायपुर एयरपोर्ट पर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीते कुछ दिनों में देश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है और कोहरे के कहर के चलते फ्लाइटों के घंटों लेटलतीफ होने और रद्द होने का सिलसिला शुरू हो गया है।

हवाई यात्रियों को इसके चलते काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला बुधवार को रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में हुआ, जब दिल्ली, मुंबई व बैंगलुरू फ्लाइट अचानक रद्द किए जाने से यात्रियों ने विमानतल में जमकर हंगामा मचाया।

### फ्लाइट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई

यात्रियों में ज्यादा नाराजगी इस बात की थी कि विमानन कंपनी द्वारा उन्हें पहले से फ्लाइट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई और केवल यह बोला जाता रहा कि कोहरे की वजह से फ्लाइट विलंब है। विमानन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को रायपुर से दिल्ली की इंडिगो फ्लाइट क्रमांक 6ई5215 और रायपुर से बैंगलुरू 6ई 0979 के साथ ही मुंबई की फ्लाइट भी मौसम में खराबी के कारण विलंब से चल रही थी। उसके बाद बिना किसी सूचना के इन फ्लाइटों को रद्द कर दिया गया। बताया जा रहा है कि इंडिगो के अधिकारियों व यात्रियों के बीच जमकर बहसबाजी हुई। इंडिगो के अधिकारी यात्रियों को ले जाने के लिए ठंड में बाहर ले गए, लेकिन काफी समय तक टैक्सी की व्यवस्था ही नहीं हो सकी, इसके चलते यात्रियों में और ज्यादा नाराजगी हुई। इंडिगो कर्मचारियों ने देर शाम तक यात्रियों को होटल पहुंचाया और दूसरी फ्लाइट अरेंज की।

## एसी कोच में गांजा की तस्करी, मथुरा का युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जीआरपी की एंटी क्राइम टीम ने पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस की एसी बोगी में दबिश देकर एक युवक से 10 किलो गांजा बरामद किया है। वह गांजा संबलपुर से खरीदकर मथुरा लेकर जा रहा था। आरोपी को जोनल स्टेशन में उतारा गया। इसके बाद उसके खिताफ अपराध पंजीबद्ध किया गया।

बुधवार को भी जीआरपी थाना प्रभारी डीएन श्रीवास्तव को मुखबिर से सूचना मिली। जिस पर उन्होंने टीम के सदस्यों को अलर्ट किया और ट्रेन के बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद एसी कोच में दबिश देने के निर्देश दिए। टीम के सदस्य लक्ष्मण गाइन, संतोष राठौर, सौरभ नागवंशी, मन्नू प्रजापति प्लेटफार्म पर पहुंचे और ट्रेन का पहुंचने का इंतजार करने लगे। जैसे ही ट्रेन प्लेटफार्म पर आकर रूकी। टीम ने एसी कोच की घेराबंदी किया। इसके बाद कुछ सदस्य अंदर जाकर बताए गए हुलिए के अनुसार युवक की तलाश करने लगे। इसी बीच एक युवक जीआरपी टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। चूंकि कोच के गेट को पहले से ही घेर लिया गया था, इसलिए वह भागने में असफल रहा। इस दौरान उससे पूछताछ की गई। जिस पर उसने अपना नाम गोपाल सिंह निवासी ग्राम राल थाना जैत मथुरा उत्तर प्रदेश बताया।



### जीआरपी को देखकर भागने लगा युवक

*युवक के पास रखे बैग को खोलकर दिखाने के लिए कहा तो वह गुमराह करने लगा। लिहाजा टीम को थोड़ी सख्ती बरतनी पड़ी। इसी सख्ती के साथ बैग की तलाशी ली गई, तो उसके अंदर 10 किलो गांजा बरामद हुआ। इस पर आरोपी को ट्रेन से उतारा गया और जीआरपी थाने लाकर दोबारा पूछताछ की गई। जिसमें उसने गांजा संबलपुर से खरीदकर लाने और मथुरा लेकर जाने की जानकारी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।*

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस पदक का किया ऐलान

# छत्तीसगढ़ के 39 पुलिसकर्मियों को मिलेगा मेडल: 11 को मरणोपरांत वीरता पदक से किया जाएगा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गणतंत्र दिवस को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस पदक का ऐलान कर दिया है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ पुलिस के 26 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसमें 11 पुलिसकर्मी मरणोपरांत वीरता पदक से सम्मानित किए जाएंगे। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित कुमार व नक्सल अभियान के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक कन्हैया लाल ध्रुव विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होंगे।

11 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने पदक से विभूषित सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों शुभकामनाएं दी हैं।

### पुलिस वीरता पदक : 26

हेमंत कुमार पटेल, उप निरीक्षक, बलौदाबाजार, मालिक राम, निरीक्षक, कांकेर, सुक्कू राम नाम, सउनि, नारायणपुर, संतोष चंदन, प्रधान आरक्षक, नारायणपुर, साकेत कुमार बंजारे, उप निरीक्षक हाल निरीक्षक बीजापुर, भुवन सिंह बोरा, प्लाटून कमांडर हाल कंपनी कमांडर 21वीं वाहिनी, छसबल, बालोद, संजय पाल, उप निरीक्षक, बीजापुर, धरम सिंह तुलावी, उप निरीक्षक, बीजापुर, विरेन्द्र कंवर, उप निरीक्षक, बीजापुर, पतिराम पोड़ियामी, उप निरीक्षक, बीजापुर, दिलीप कुमार वासनिक, प्लाटून कमाण्डर, एसटीएफ, शहीद रमेश जुर्री, प्रधान आरक्षक, बीजापुर, शहीद रमेश कोरसा, आरक्षक, बीजापुर, शहीद सुभाष नायक, आरक्षक, बीजापुर, शहीद रामदास कोर्राम, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद जगतराम कंवर, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद सुख सिंह, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद रमाशंकर सिंह, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद शंकर नाग, आरक्षक, एसटीएफ, शहीद किशोर एण्ड्रिक, सहायक आरक्षक, बीजापुर, शहीद सनकूराम सोढ़ी, सहायक आरक्षक, बीजापुर, शहीद बोसाराम करटामी, सहायक आरक्षक, बीजापुर, धरम सिंह तुलावी, उप निरीक्षक, बीजापुर, शिव कुमार रामटेके, प्रधान आरक्षक, बीजापुर, छन्नू राम पोयाम, आरक्षक, बीजापुर, गौतम कोरसा, आरक्षक बीजापुर।



### सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक :11

डी.आर. आंचला, सेनानी, 14वीं वाहिनी, छसबल, धनोरा, जिला बालोद, नेहा पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, येशेश्वरी येरेवार, उप पुलिस अधीक्षक, एसबी, रायपुर, टीकाराम कुर्रे, सहायक सेनानी, 22वीं वाहिनी, भीरागांव, कांकेर, महेश शुक्ला, एपीसी, 6वीं वाहिनी, छसबल, रायगढ़, जेम्स लकड़ा, कंपनी कमांडर, 2री वाहिनी, छसबल, सकरी-बिलासपुर, ओम प्रकाश साहू, उप निरीक्षक-अ, नवा रायपुर, उदय सिंह सिदार, प्रधान आरक्षक, 15वीं वाहिनी, बीजापुर, महेन्द्र कुमार पाठक, उप निरीक्षक, हाल जिला नारायणपुर, मनोज कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक, जिला बस्तर, देवी शरण सिंह, प्रधान आरक्षक, विआशा, नवा रायपुर। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित कुमार और नक्सल अभियान के लिए पुलिस उप महानिरीक्षक कन्हैया लाल ध्रुव विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित होंगे।

**नवजात को मिट्टी में दफन कर मारने का प्रयास किया**

# मां ने नवजात को मरने चूहों के बिल में छोड़ा, पर बच गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

होइहै वही राम रचि राखा...। प्रभु रामजी ने जो रच दिया, आखिर में होना वही है। राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के बाल विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर बस्तर के सुदूर गांव में यह बात सच भी हो गई। प्रभुजी के अद्भुत, अलौकिक चमत्कार से नवजात बच्ची ने काल को परास्त कर जीवन की लड़ाई जीत ली, जबकि उसे जन्म देने वाली जननी ही उसे मारने का प्रयास कर रही थी।

शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु रामजी पौष शुक्ल द्वादशी को अभिजित मुहूर्त में राम जन्मभूमि में बने भव्य और दिव्य घर में विराजमान हो गए हैं। इस शुभ दिन को अविस्मरणीय बनाने देशभर में सैकड़ों दंपती ने अपने बच्चों को जन्म देने के लिए चुना, पर बस्तर के तोकापाल के बारुपाटा गांव में 22 जनवरी की रात 11 बजे जन्मे नवजात को जननी ने मारने का निर्णय ले लिया।



### पिता ने मां और बच्चे को अपनाने से किया इनकार

इस कारण से क्योंकि पिता ने मां और बच्चे को अपनाने से मनाकर दिया था। रात के अंधरे में उसकी मां नवजात को गांव के पास स्थित नीलगिरी के जंगल में एक चूहे के खोदे गए गड्ढे में डालकर उसे मिट्टी से पाट दिया। वह बच्ची को मारने के सभी यत्न पूरे कर आई, पर प्रभु रामजी की इच्छा के आगे किस की चलती है? मंगलवार सुबह गांव के सरपंच पति मनीष बेंजाम नीलगिरी के जंगल की ओर गए तो उनके कानों में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने बच्चे को चूहे के बिल से निकालकर एंबुलेंस को बुलाया। 108 की आपातकालीन सेवा कुछ ही देर बाद गांव पहुंची। 108 के चिकित्सा कर्मी भानुप्रिया व भूपेंद्र कुमार ने बच्चे की गंभीर अवस्था का देखकर घटनास्थल पर ही प्राथमिक उपचार कर तोकापाल स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने बच्ची का उपचार किया। बच्ची अब पूरी तरह से स्वस्थ है।



# आमिर जल्द शुरू करेंगे अपनी नई फिल्म 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी आने वाली फिल्म 'सितारे जमीन पर' की शूटिंग फरवरी में शुरू कर सकते हैं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की फ्लॉप के बाद से फिल्मों से दूरी बना ली थी। आमिर बहुत जल्द फिल्मों में वापसी करने जा रहे हैं। बेटी आइरा खान की शादी के बाद अब आमिर खान पूरी तरह से अपने करियर की तरफ ध्यान देने वाले हैं। चर्चा कि आमिर 02 फरवरी से फिल्म सितारे जमीन पर की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म के लिए आमिर खान ने अपना लुक भी तय कर लिया है। कहा जा रहा है कि फिल्म सितारे जमीन पर की अधिकांश शूटिंग आमिर खान दिल्ली में करने वाले हैं। आमिर खान बतौर निर्माता फिल्म लाहौर 1947 बनाने जा रहे हैं।



लाइफ Style

# परिणीति

## अभिनय के बाद संगीत में बनाएंगी कॅरियर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

परिणीति चोपड़ा ज्यादातर बॉलीवुड सितारों की तरह अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। दरअसल, अभिनय का जादू चलाने के बाद परिणीति ने अब संगीत की दुनिया में कदम रख लिया है। अभिनेत्री अब बाकी गायकों की तरह मंच पर प्रदर्शन करती नजर आएंगी।


बीते काफी समय से अभिनेत्री आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा संग अपनी पारिवारिक जिंदगी के कारण चर्चा में हैं। हालांकि,अब परिणीति के मीडिया खबरों में आने की वजह उनका काम है। एक रिपोर्ट के अनुसार, परिणीति म्यूजिक इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू कर रही हैं। अभिनेत्री ने एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी के साथ एक डील की है, जिसके जरिए वह गायन के अपने जुनून को अपना पेशा बनाने जा रही हैं। एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी, टीएम वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और टीएम टैलेंट मैनेजमेंट का हिस्सा है, जो अरिजीत सिंह, सुनिधि चौहान, बादशाह, अमित त्रिवेदी जैसे गायकों के स्टेज शो कराते हैं। इसका ऐलान खुद परिणीति ने भी कर दिया है। अभिनेत्री ने अपने फैंस के साथ अपने जीवन के इस बड़े फैसले को साझा करने के लिए इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'संगीत मेरे लिए हमेशा से मेरी खुशी का ठिकाना रहा है... खराब समय में यह मेरी शांति रहा है। मैंने दुनियाभर के अनगिनत संगीतकारों को मंच पर प्रदर्शन करते देखा है और अब आखिरकार उस दुनियाभर का हिस्सा बनने का मेरा समय आ गया है।'

हॉलीवुड मसाला




# गर्लफ्रेंड नताली संग दिए पोज

**लॉस एंजिलस।** 'अर्गिल' इस साल की बहुप्रतीक्षित हॉलीवुड फिल्मों में से एक है। बीती रात सितारे लंदन में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए निकले। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में कई दिग्गजों ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। प्रीमियर में ब्राइस डलास हॉवर्ड, दुआ लीपा और अन्य सितारे शिरकत करते देखे गए। वहीं, इस इवेंट में सबसे ज्यादा लाइमलाइट 40 साल के अभिनेता हेनरी कैविल ने बटोरी। इस दौरान वह अपनी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ रेड कार्पेट पर पोज देते नजर आए।



# बोमन को ब्रिटिश संसद से मिलेगा विशेष सम्मान...

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी को भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बोमन ईरानी ने हिंदी सिनेमा में अपने योगदान के लिए अपार प्यार और सराहना हासिल की है। बोमन ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में 24 वर्षों से अधिक के करियर के साथ दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है और खुद को बेहतरीन कलाकारों में से एक के रूप में स्थापित किया है। बोमन ईरानी अपने परिवार के साथ 24 जनवरी, को लंदन के लिए रवाना हो गए। बोमन को भारतीय सिनेमा में उल्लेखनीय योगदान के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी और द लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में एक विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है।



# 14 जून को सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शित

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होगी। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। 'इमरजेंसी' 14 जून को स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है। 'इमरजेंसी' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। ज़ी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिया गया है।कंगना रनौत ने फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की तारीख की घोषणा सोशल मीडिया पर एक पोस्टर के माध्यम से की।



# 'क्रैक' का दूसरा गाना जीना हराम जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल पिछले कुछ समय से अपनी आने वाली स्पोर्ट्स-एक्शन फिल्म 'क्रैक' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी प्रसिद्ध अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। 'दिल झूम' (पहला गाना) के बाद अब निर्माताओं ने 'क्रैक' का दूसरा गाना 'जीना हराम' जारी कर दिया है, जिसमें विद्युत और नोरा एक-दूसरे संग इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। दोनों की शानदार केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। विद्युत और नोरा की यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। 'जीना हराम' को विशाल मिश्रा और शिल्पा राव ने मिलकर गाया है तो वहीं इस गाने के बोल तनिष्क बागची ने लिखे हैं। 'क्रैक' के निर्देशन की कमान आदित्य दत्त ने संभाली है।


टीवी मसाला

# बिग बॉस के लिए करोड़ों की रकम वसूल करते हैं ये सितारे

**मुंबई।** बिग बॉस 17 तीन महीने से अधिक समय तक धमाल मचाने के बाद अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। शो में आए दिन कंटेस्टेंट्स के जमकर झगड़े देखे जाते हैं, जिसके बाद शो के होस्ट सलमान खान वीकएंड के वार एपिसोड में आकर उन्हें अपने अंदाज समझाते और फटकार भी लगाते हैं। इस भूमिका के लिए चैनल की ओर से सलमान को एक मोटी रकम दी जाती है। यही नहीं, बहुत से भारतीय सितारे भी बिग बॉस के अलग-अलग संस्करणों के लिए तगड़ी फीस चार्ज करते हैं।



**सलमान खान :** बॉलीवुड के दबंग सलमान खान लंबे समय से बिग बॉस शो को होस्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। हर हफ्ते वे वीकएंड के वार पर शो में आते हैं और कंटेस्टेंट्स के पूरे सात दिनों के रिपोर्ट कार्ड के हिसाब से उनकी तारीफ और क्लास लगाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान ने इस सीजन के लिए 200 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। अगर प्रति एपिसोड का हिसाब लगाया जाए तो वे एक एपिसोड के 12 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं।



**कमल हासन :** कमल हासन साउथ से सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। विक्रम की सफलता के बाद कमल जल्द ही इंडियन 2 में नजर आने वाले हैं। फिल्मों के अलावा वे टीवी पर भी सक्रिय हैं। बिग बॉस के तमिल संस्करण की वे मेजबानी करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सीजन 7 के लिए उन्होंने 130 करोड़ की फीस वसूली है।



**मोहनलाल :** मोहनलाल को उनके फैंस प्यार से कंप्लीट एक्टर कहकर पुकारते हैं। फिल्मों में अपनी अदाकारी से वे लाखों दिलों पर राज करते हैं। छोटे पर्दे पर भी उनका खूब जलवा देखने को मिलता है। वे बिग बॉस मलयालम शो को होस्ट करते हैं। पांचवें सीजन के लिए अभिनेता को शो के मेकर्स ने 18 करोड़ का भुगतान किया था।



**नागार्जुन :** तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार कलाकारों में नागार्जुन की भी गिनती होती है। साउथ के साथ हिंदी पट्टी में भी उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है। वे भी बिग बॉस शो को होस्ट करते हैं। जानकारी के अनुसार बिग बॉस तेलुगु 7 के लिए उन्हें 15-20 करोड़ रुपये दिए गए थे।



**किच्चा सुदीप :** कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप कई हिंदी फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। अपने फिल्मी करियर में उन्होंने कई यादगार रोल निभाए हैं। वे बिग बॉस कन्नड़ शो को होस्ट करते हुए नजर आते हैं। इस शो के नौवें सीजन के लिए अभिनेता ने नौ करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

**महेश मांजरेकर :** इस लिस्ट में महेश मांजरेकर का नाम भी शामिल है। वे हिंदी और मराठी सिनेमा में काफी मशहूर हैं। अब तक वे कई फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। साथ ही वे बहुत सी फिल्मों में अपनी अदाकारी भी दिखा चुके हैं।

# चिरंजीवी-अंजू भट्ट निर्देशित हिंदुत्व आज होगी रिलीज...

**मुंबई।** टैग प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फिल्म हिंदुत्व ओटीटी प्लेटफॉर्म मास्क टीवी पर 26 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म हिंदुत्व के निर्माता चिरंजीवी भट्ट और अंजू भट्ट हैं। हिंदुत्व में किशोरवय को प्राप्त एक ऐसी युवती की कहानी कही गई है, जो अपनी संस्कृति को भुलाकर पाश्चात्य जगत की चकाचौंध में अपने अस्तित्व को ही नकारात्मक रूप से देखने लगती है। उसको समझाने के लिए एक युवा जो धर्मनिष्ठ भी है और शिक्षित भी है वो अपने शिक्षण स्थल से ही इस हिंदुत्व के अलख को जगाता है और आखिर में युवती को उसकी असलियत से रूबरू कराकर हिंदुत्व के असली रूप से दर्शन कराता है। हिंदुत्व के लेखक ऋषील जोशी और निर्देशक करण राजदान है। फ़िल्म में श्वेता राज के लिखे गीत पर संगीत रवि शंकर ने दिया है। फिल्म के गानो में अनूप जलोटा, दलेर मेहंदी, मधुश्री, दिव्या कुमार, और मास्टर सलीम ने आवाज दी है। हिंदुत्व में आशीष शर्मा, सोनारिका भदौरिया, अनूप जलोटा, दीपिका चिखलिया, गोविंद नामदेव की अहम भूमिका है।




*बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म शैतान का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म शैतान ने अजय देवगन के आर माधवन और ज्योतिका की अहम भूमिका है। शैतान के टीजर की शुरुआत होती है एक राक्षस की मूर्ति के साथ, जिसमें पीछे वॉइस ओवर चलता है, जिसमें शैतान कहता है, 'कहते हैं ये पूरी दुनिया बहरी है, लेकिन सुनती सिर्फ मेरी है।*

# *वो पूछेगा तुम से एक खेल खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना, 'शैतान' का धांसू टीजर रिलीज...*

**मुंबई।** काले से भी काला मैं, बहकाने का प्याला मैं, तंत्र से लेकर श्लोक का..मालिक हूं मैं नौ लोक का"। अजय देवगन ने सोशल मीडिया पर फिल्म शैतान टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "वो पूछेगा तुमसेएक खेल खेलोगे? पर उसके बहकावे में मत आना। जियो स्टूडियोज, देवगन फिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, शैतान का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा किया गया है। विकास बहल निर्देशित फिल्म शैतान 08 मार्च को रिलीज होगी।



## देशभर में इस समय गणतंत्र दिवस को लेकर एक ख़ास उमंग की लहर

# आज 26 जनवरी गणतंत्र दिवस घर बैठे देखें देशभक्ति से भरी ये फिल्में

***मुंबई।*** *देशभर में इस समय गणतंत्र दिवस को लेकर एक ख़ास उमंग की लहर है। इस 26 जनवरी को पूरा देश 75वां गणतंत्र दिवस मनाने को तैयार है। भारत का हर एक नागरिक देशभक्ति के रंग में डूबा हुआ है। इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए सब अपनी-अपनी योजना बनाने में जुटे हैं। ऐसे में अगर आप भी इस दिन को घर पर बैठे ही ख़ास तरीके से सेलिब्रेट करना चाहते हैं तो कई फिल्में ऐसीहैं जो न केवल आपके दिल को झकझोर देंगी बल्कि भारत के शक्ति, संघर्ष, बलिदान और विजय को भी प्रदर्शित करती हैं।*




### तेजस

यह फिल्म भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है। इस फिल्म में न केवल आपको एक्शन और मनोरंजन मिलेगा बल्कि इसे देखने के बाद आपको देशभक्ति का भी एहसास होगा। साथ ही, इसमें आपको अदाकारा कंगना रनौत का एक प्रभावशाली रूप देखने को मिलेगा। मूवी तेजस आपके दिल को छू लेने के साथ आपको रोमांच से बांधे रखेगा।

### मंगल पांडेय


यह फिल्म वर्ष 2005 में रिलीज़ हुई थी मगर आज भी इस फिल्म की लोकप्रियता पहले जैसी ही है। फिल्म भारतीय स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे पर आधारित है। जो अंग्रेजी हुकूमत के समय अंग्रेजों की फौज में थे। उस समय कारतूस में इस्तेमाल होने वाली गाय की चर्बी के विरोध में मंगल पांडेय ने बड़ी ही जांबाजी से अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी। इस फिल्म में मंगल पांडे की भूमिका आमिर खान ने निभाई थी। फिल्म में मुख्य भूमिका के रूप में आमिर खान, रानी मुखर्जी, अमीषा पटेल और किरण खेर ने अभिनय किया है।





### सैम बहादुर

विक्की कौशल की यह फिल्म भारत के प्रथम फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है। देशभक्ति के मामले में इस फिल्म को काफी सराहना मिली है। यह फिल्म आपको आपके देश के अतीत को लेकर जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ हंसाएगी भी। इसको आप अपने परिवार के साथ देखें ताकि आपके भी बच्चों को हमारे देश के ऐसे वीर युद्ध नायक के बारे में पता चले।



### शेरशाह

फिल्म शेरशाह कारगिल युद्ध के हीरो कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन और सहादत पर आधारित है। इसे देखने के बाद आप भावुक होने साथ अपने भारतीय सेना पर गर्व महसूस करोगे। कैप्टन विक्रम बत्रा की इस बायोपिक में मुख्य भूमिकाओं के तौर पर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अभिनय किया है। बता दें, उस समय कैप्टन बत्रा को वीरता के लिए भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान यानी परमवीर चक्र प्रदान किया गया था।

## चिंतन


# देश के मतदाता अपने अधिकार को पहचानें

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा भी है और सबसे पुराना भी है। मतदाता लोकतंत्र के भाग्यविधाता हैं। आज 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देश में वोटरों की स्थिति और चुनाव प्रक्रिया, राजनीतिक सुधार आदि विषयों पर विवेचना जरूरी है। जबसे भारत में मतदाताओं को लुभाने के लिए 'रेवड़ी कल्चर' ने तेजी पकड़ी है, तब से जहां एक तरफ राजनीतिक शुचिता की मांग बढ़ी है, वहीं इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए चुनाव सुधार व केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकार में वृद्धि की जरूरत भी महसूस हुई है। एक स्वायत्त संस्था होने के बावजूद चुनाव आयोग पर सत्ता पक्ष के हितों में काम करने के आरोप लगते रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव प्रक्रिया में तकनीक के इस्तेमाल को दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण कहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि केंद्रीय चुनाव आयोग संविधान प्रदत्त अपनी शक्ति व क्षमता से देश में सभी तरह के चुनावों को कराने में सफलता अर्जित की है, ईवीएम और वीवीपैट से चुनाव कराने में भारत विश्व में अग्रणी है, लेकिन इसके बावजूद न ही देश में रेवड़ी कल्चर पर रोक लग सकी है, न ही राजनीतिक दलों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है और न ही देश में अपेक्षित चुनाव सुधार हो सका है। सरकार जरूर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाती रहती है। सरकार ने 'माई वोट माई ड्यूटी' लघु फिल्म से एक वोट की शक्ति के महत्व को बताया है। इसके बावजूद मतदाताओं को प्रलोभन देने की प्रवृत्ति बढ़ी ही है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने युवा मतदाताओं में देश को बदलने की शक्ति को रेखांकित किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची की वकालत की है। यदि ऐसा होता है तो यह बड़ा चुनावी सुधार होगा। आधार लिंक्ड स्मार्ट मतदाता पहचान पत्र बनना चाहिए। देश में 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत पर मतदान हो रहा है, लेकिन इस राजनीतिक प्रणाली में खामियां भी हैं। सुशासन के लिए सबसे अच्छे नागरिकों का चयन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। चुनाव से पूर्व तक मतदाता सूची अपूर्ण रहती है। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में बहुलता भी एक बड़ी समस्या है। राजनीति के अपराधीकरण, जाति व धर्म को केंद्र में रखकर टिकट वितरण, चुनाव में धन बल के अनुचित प्रयोग हमारी चुनाव व्यवस्था के गंभीर दोष हैं। वर्ष 1974-75 में तारकुंडे समिति, वर्ष 1990 में चुनाव सुधार पर दिनेश गोस्वामी समिति, वर्ष 1993 में राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति, वर्ष 1998 में चुनावों में राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति, वर्ष 1998 व 2004 में चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की रिपोर्ट, वर्ष 2007 में शासन में नैतिकता पर वीरप्पा मोइली समिति, वर्ष 2010 में चुनाव कानूनों और चुनाव सुधार पर तनखा समिति की अनुशंसाओं के आधार पर चुनाव प्रणाली, चुनाव मशीनरी और चुनाव प्रक्रिया में कई सुधार किए गए हैं। मतदान की आयु 18 वर्ष की गई। ईवीएम का प्रयोग, एक्ज़िट पोल पर प्रतिबंध, चुनावी खर्च पर सीलिंग, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान, नोटा आदि उपाय भी किए गए हैं। इसके बावजूद साफ-सुथरे चुनाव चुनौती बने हुए हैं। चुनाव के दौरान नेताओं के धार्मिक स्थलों पर जाने और धार्मिक नारे लगाए जाने, पेड न्यूज़ और फेक न्यूज़ पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सबसे अधिक जरूरत मतदाता अपने अधिकार के महत्व को पहचानें और जागरूक होकर लोकतंत्र के सही अर्थ को स्थापित करें। प्रलोभन में ना पड़ें।

## सारा संसार



मोडीकुड भगवती मंदिर तमिलनाडु के कन्याकुमारी के तट पर कोलाचेल के पास स्थित मंदिर है। यह मंदिर माता भगवती की सुन्दर मूर्ति के आकर्षण के कारण लोकप्रिय बन गया है।



पुण्यतिथि

प्रो. सुरेन्द्र कुमार

# पुरुषार्थ व राष्ट्रप्रेम के अद्भुत संगम

यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं हैं, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं। चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया, जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की, वे उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं।

27 जनवरी को चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि है। आज से 13 वर्ष पूर्व 27 जनवरी 2011 को 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने नश्वर शरीर का परित्याग किया था। यद्यपि वे अपनी भौतिक देह से आज हमारे बीच में नहीं है, किन्तु उनका यशःशरीर आज भी हमारे बीच में विद्यमान है, जो अपनी अनंत सत्प्रेरणाओं से हमारे जैसे अनेक भूले भटके लोगों को कल्याण के मार्ग की ओर प्रेरित करता रहता है।

चौधरी मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी नामक ग्राम में हुआ था। भारतीय इतिहास में यह वह समय था जब भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के पश्चात देश में स्वतंत्रता की सुगबुगाहट दूर-दूर तक फैल रही थी। भारत का उस समय का यह संयुक्त प्रांत पंजाब इस हलचल से विशेष रूप से आंदोलित था। देश के नगर-नगर, गांव-गांव में नर और नारी देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए जाने वाले संघर्षों के लिए स्वयं को संकल्पित कर रहे थे। ऐसे देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत वातावरण में चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। आपके पिता चौधरी शीशराम पेशे से किसान थे और आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए अवैतनिक रूप से उपदेशक का कार्य भी करते थे। भारत की स्वतंत्रता का शंखनाद करने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा संस्थापित आर्य समाज की विचारधारा के उपदेशक, देशप्रेमी पिता के संस्कारों की छाप बालक मित्रसेन पर भी पड़ी।

10 वर्ष की आयु तक सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन तभी काले मोतियाबिंद के कारण पिता चौधरी शीशराम की आंखों की रोशनी सदा के लिए चली गई। विपत्ति अकेले नहीं आती की कहावत चरितार्थ हुई और चाचा हरिदास जी और बलवंत जी की छत्रछाया भी परिवार के ऊपर से उठ गई। परिवार के सामने उपस्थित हुए इस गहरे संकट के समय बालक मित्रसेन को अपनी तीसरी कक्षा की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर बहुत कम आयु में ही खेती का काम संभालना पड़ा।

पिता और परिवार से मिले संस्कारों के बलबूते दृढ़ संकल्पों से भरे हुए बालक ने परिवार की बागडोर बखूबी संभाल ली। खेती का काम संभालते ही बुद्धिमान व पुरुषार्थी बालक ने यह जल्दी ही समझ लिया कि बिना उद्योग के केवल अकेले खेती के सहारे अपेक्षित प्रगति कर पाना बहुत मुश्किल है। अतः उन्होंने रोहतक में लेथ एंड इंजिन बोरिंग की मशीन पर कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिर 1949 में कुछ समय तक सोनीपत में एटलस साइकिल में नौकरी की, उसके बाद 1950 में रोहतक के बिजली घर में कार्य किया। इन सभी स्थानों पर कार्य करते हुए युवक मित्रसेन ने तकनीकी काम में महारत हासिल कर ली और इसके बाद 1954 में उदयपुर के कारखाने में कार्य किया। इस समय तक उन्हें इस क्षेत्र का पर्याप्त अनुभव हो चुका था। अतः उन्होंने उदयपुर में कार्य करते करते यह संकल्प किया कि अब अपना ही उद्योग आरंभ करना चाहिए और इस दृढ़ संकल्प के साथ 1955 में उन्होंने लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना रोहतक में स्थापित किया।




बचपन में ही परिवार से देशप्रेम के जो संस्कार मिले थे वे युवा होते-होते इतने परिपक्व हो गए के 1957 के हिंदी सत्याग्रह में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और सत्याग्रह करते हुए एक महीने से अधिक का समय जेल में बिताया। जीवन में कार्यकुशलता, पुरुषार्थ राष्ट्रप्रेम का जैसा बेजोड़ संगम चौधरी मित्रसेन जी के जीवन में देखने को मिलता है वैसा अद्भुत संगम अन्यत्र खोज पाना बहुत कठिन है। एक ओर उनके उद्योग का विस्तार रोहतक से उड़ीसा प्रांत के बड़बिल होते हुए देश और विदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक जा पहुंचा और दूसरी ओर वे समाज के हितकारी कार्यों को भी अपने समय, श्रम और धन से निरंतर आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस और उदारता से जो मानदंड स्थापित किए हैं वे अतुलनीय हैं।

चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की वे मर्यादाएं उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य धार्मिक, ईश्वर उपासक, गुणानुरागी, राष्ट्रभक्त और पंच महायज्ञों के अनुष्ठाता हैं। प्रायः लक्ष्मी उपासकों के घर में सरस्वती का निवास नहीं देखा जाता, पर आपके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का निवास है। आपकी और परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही यह परिणाम है कि आपके आश्रम तुल्य घर की चारदीवारी पर अंकित सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां रोमांचक हर्षातिरेक का अनुभव कराती हैं। खांडाखेड़ी गांव में निर्मित मित्र स्मृति स्तंभ में प्रस्तुत की गई झलकियों से यह स्पष्ट तौर पर प्रतीत होता है कि उनका परिवार उनके आदर्शों पर चलते हुए उनकी आर्थिक विरासत के साथ-साथ सामाजिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत के सहेजने के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो गए हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं है, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं कि-"सफलता का मूलमंत्र है आस्तिक भाव से उस ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए नेक इरादे और सच्चे मन से हंसते हंसते पुरुषार्थ करना"और यह कि "जिस भी समाज में आप रह रहे हैं उसमें इस तरह से रहना कि पड़ोसी को आपकी वजह से तकलीफ न हो। मन, वाणी और हाथ पैर से अपने से कमजोर को कभी हानि नहीं पहुंचाएं। अपने से कमजोर की रक्षा करना समर्थ की जिम्मेदारी है। जो मनुष्य सामर्थ्यवान होकर अपने से कमजोरों के प्रति दया, क्षमा और करुणा का भाव नहीं रखता वह समाज के लिए पशु से भी भयंकर है।"

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शिवत्व की साधना




संकलित

दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छी या बुरी सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं, इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्याभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

प्रेरणा

एक गाय घास चरने जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी, लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारी उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## दरकार

डॉ. रमेश ठाकुर



# कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसें

कोचिंग संस्कृति पर लगाम के लिए बीते एकाध दशकों में केंद्र सरकार की ओर से कई मर्तबा आदेश पारित हुए, जिनमें बंदिशों के कई तरह के दिशा-निर्देश शामिल रहे, पर किसी भी सरकारी आदेशों को कोचिंग संस्थानों ने ज्यादा दिनों तक नहीं माना? जैसे ही शोर कम हुआ, फिर से मनमानी शुरू कर दी। अब फिर से कोचिंगों पर नया सरकारी आदेश जारी हुआ है, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों को कोचिंग की मनाही बताई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का ये कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन बात वहीं आकर अटक जाती है, ये आदेश कब तक और क्या गारंटी है कि ये आदेश कोचिंग वाले तत्काल प्रभाव से मानेंगे। आदेश अगर मुकम्मल हो जाए, तो राजस्थान कोटा में आए दिन छात्र आत्महत्या नहीं करेंगे। खैर, पुरानी बातों को छोड़कर अब कोचिंग संस्कृति पर लगाम की इस नई पहल पर व्यापक रूप से बहस की दरकार है। आमजन से लेकर हुकूमतें भी अब जान चुकी हैं कि कोचिंग सेंटर किस तरह से शिक्षा के नाम पर गोरखधंधा करने लगे हैं। वह शिक्षा और छात्रों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने अपने आदेश में 16 साल से कम उम्र के छात्रों का जिक्र किया है। लेकिन सच्चाई इससे भी कहीं इतर है। यहां आर्मी स्कूलों में दाखिले का जिक्र करना जरूरी हो जाता है जहां, छात्रों को तो 10 उम्र से ही कोचिंग लेने पर विवश किया जाता हैं। शायद सरकार का इस ओर ध्यान नहीं गया। देश में 33 अधिकृत सैनिक स्कूलों के अलावा 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और एक राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज है जिनमें दाखिले की परीक्षा यूपीएससी के बराबर मानी है, वहां बिना कोचिंग के छात्र परीक्षा किसी भी सूरत में पास नहीं कर सकता। सामान्य स्कूलों के छात्र सैनिक स्कूलों की एंट्रेंस परीक्षा नहीं निकाल सकते, इसलिए उन्हें मजबूरी में कोचिंग लेनी पड़ती है। ऐसी परीक्षाओं का पैटर्न हल्का किया जाए, इस ओर शिक्षा मंत्रालय को ध्यान देने की जरूरत है। आर्मी स्कूलों की परीक्षाओं का सिलेबस बहुत कठिन रखा जाता है। तभी इन परीक्षा को पास करवाने के लिए देशभर में सैकड़ों डिफेंस एकेडमियां संचालित हो रही हैं। वो अभिभावकों से मुंह मांगा पैसा वसूलती हैं। वहां कोई सरकारी सख्ती नहीं है, इसलिए इन पर सबसे पहले नकेल कसने की आवश्यकता है। कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसना अब छात्रों-अभिभावकों की मजबूरी भी बन गई है। जिस छात्र को अगर चोटी की प्रतियोगी परीक्षा पास करनी है, तो उसके जेहन में अव्वल ख्याल कोचिंग संस्थाओं की ओर ही दौड़ता है। यूपीएससी के लिए दिल्ली का मुखर्जी नगर हो या जेई-इंजीनियरिंग के लिए राजस्थान का कोटा? कागजों में ये उच्च शिक्षा के लिए 'महाकुंभ' बन गए हैं, पर दुर्भाग्य ये है, दोनों स्थान अब 'आत्महत्या' के लिए भी मशहूर हो गए हैं। दिल्ली में भी ऐसा ही हाल है जहां दस हजार से भी ज्यादा कोचिंग संस्थाएं इस वक्त संचालित हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में भी ये संस्थाएं धन लुटाती हैं। इसके बाद सहज अनुमान लगा सकते हैं कि आखिर कोचिंग माफिया खुलेआम मनमानी क्यों न करें?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती


### वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। भारत में जितने भी चुनाव होते हैं, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारतीय निर्वाचन आयोग की होती है जिसका गठन 25 जनवरी 1950 को हुआ था। संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार संसद, राज्य विधानमंडल, राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए संचालन, निर्देशन व नियंत्रण की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। *- अजय पांडेय, भिलाई नगर*

## करंट अफेयर

### चेक सांसदों ने किया महिला अधिकार संधि को खारिज

चेक गणराज्य के सांसदों ने महिलाओं के अधिकारों पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि का समर्थन किए जाने के खिलाफ मतदान किया है। चेक संसद के उच्च सदन में उपस्थित 71 सीनेटर में से केवल 34 ने बुधवार को इस्तांबुल संधि के समर्थन में मतदान किया, जबकि इसे पारित करने के लिए दो और सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। मतदान के बाद, संसद का निचला सदन संधि पर आगे नहीं बढ़ेगा और चेक गणराज्य उन देशों में से एक होगा जिन्होंने दस्तावेज पर हस्ताक्षर तो किये हैं लेकिन उसका अनुसमर्थन नहीं किया है। यूरोपीय परिषद ने पूरे महाद्वीप में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए 2011 में दस्तावेज को अंगीकृत किया था। चेक गणराज्य ने संधि पर 2016 में हस्ताक्षर किया था। मतदान ने रूढ़िवादी और उदारवादी सांसदों के बीच विभाजन को प्रदर्शित किया है। रूढ़िवादियों ने तर्क दिया कि यह दस्तावेज समाज में पुरुषों और महिलाओं के लिए पारंपरिक भूमिकाओं को चुनौती देता है तथा अन्य देशों में इसका अनुसमर्थन किये जाने से वहां महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने में मदद नहीं मिली है। कई गिरिजाघरों ने भी इसका विरोध किया है।




## ऑफ बीट

### ताड़ का पेड़ जो वर्षावन के तल के नीचे रहता है

पश्चिमी बोर्नियो के समृद्ध जंगलों के बीच में, भूमिगत ताड़ के खाने योग्य फल के बारे में स्थानीय लोग अच्छी तरह से वाकिफ हैं और अकसर उनका नाश्ता करते हैं। लेकिन वनस्पति के इस चमत्कार पर लंबे समय तक वैज्ञानिक समुदाय द्वारा ध्यान नहीं दिया गया क्योंकि यह जमीन के अंदर फूल और फल देता है। पहली नज़र में, एक दुर्लभ ताड़ का पेड़, पिनंगा सबट्रेनिया, एक छोटे पौधे या अंकुर जैसा दिखता है। एक सामान्य ताड़ के पेड़ की तुलना में, पिनंगा भूमिगत अधिक कोमल और सुंदर दिखता है, जो इसे छोटी जगहों या घने जंगलों के लिए उपयुक्त बनाता है। इसके चमकीले लाल फल लगभग पूरी तरह से मिट्टी में छिपे रहते हैं। तो यह भूमिगत सुपरस्टार जंगल की ज़मीन के नीचे कैसे जीवित रहता है? पौधे मिट्टी से पानी और पोषक तत्वों को अवशोषित करने के लिए अपनी जड़ों का उपयोग करके बढ़ते हैं। उन्हें प्रकाश संश्लेषण नामक प्रक्रिया के माध्यम से अपना भोजन बनाने के लिए सूर्य के प्रकाश की भी आवश्यकता होती है। आमतौर पर, तने और पत्तियाँ जमीन से ऊपर होती हैं, प्रकाश की ओर ऊपर तक पहुँचती हैं। ताड़ के पेड़ आमतौर पर परागण और बीज फैलाव के लिए अपने फूल और फल जमीन के ऊपर विकसित करते हैं।



## ट्रेंड

### महिला सशक्तिकरण



भारत की रक्षा शक्ति में नारी शक्ति की भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीवन के हर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण हो रहा है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर, देश की नारीशक्ति का भव्य स्वरूप, भारत ही नहीं पूरे विश्व को दिखाई देगा।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### संभावनाएं सुलभ होती



धान्य पूर्णिमा उस समय का प्रतीक है जब उच्च संभावनाएं उन सभी के लिए सुलभ होती हैं जो ग्रहणशील होते हैं। यह पूर्णिमा आपके जीवन को सर्वोत्तम तरीके से बढ़ाने और आध्यात्मिक प्रयास की अधिकतम फसल प्राप्त करने में सहायता करे।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### कोई जवाब देगा



रामलला मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा धार्मिक आयोजन था या राजनीतिक? यह सनातन धर्म शास्त्र के अनुसार था या नहीं था? मैं हिन्दू धर्म प्रेमियों से पूछना चाहता हूं क्या निर्माणाधीन मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा होते देखी है? यजमान बिना पत्नी के बैठता है क्या?

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### जीत सकते हैं पांच लाख



मैं मुंबई उत्सव के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में हूं। स्टार्टअप मुंबई चैलेंज जहां प्रसिद्ध उद्यमियों का एक टर्बोचार्ज्ड पैनल स्थिरता के क्षेत्र में स्टार्टअप्स की पिचें सुन रहा है। विजेता पांच लाख तक जीत सकते हैं। पिचें शुरू होने से पहले, पैनल उद्यमिता पर एक संवाद में लगा हुआ था।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# दोनों देशों के बीच रणनीति, पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

## जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों और पीएम नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक रोड शो

एजेंसी ▶▶ जयपुर

गुलाबी नगरी जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पीएम नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक रोड शो हुआ। पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने राजस्थान के जयपुर में महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा स्थापित प्रसिद्ध सौर वेधशाला जंतर-मंतर का दौरा किया। पीएम मोदी शाम छह बजे जलेब चौक से रथ में बैठकर हवामहल पहुंचे। उसके बाद हवामहल का भ्रमण किया। अल्बर्ट हॉल पर प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मिले। मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ होटल ताज पैलेस पहुंचे। यहां पीएम नरेंद्र मोदी ने रात्रि भोज की मेजबानी की।



### मोदी-मैक्रों के रिश्तों को नई मजबूती देगा जयपुर

राजस्थान में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों का दौरा सिर्फ रणनीतिक संबंधों के लिए ही नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच पर्यटन संबंधों को बढ़ावा देने को लेकर भी होगा। इसीलिए उनके साथ आने वाले डेलीगेशन में संस्कृति विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं।



### राजस्थान में यूएस के बाद सबसे ज्यादा पर्यटक फ्रांस के

पर्यटन के लिहाज से फ्रेंच ट्यूरिस्ट राजस्थान के लिए बेहद अहम है। यहां हर साल करीब 40 लाख विदेशी मेहमान आते हैं। इनमें सबसे ज्यादा तादाद यूएस से आने वाले सैलानियों की होती है और दूसरे नंबर पर आते हैं फ्रेंच पर्यटक। लेकिन पर्यटन स्थलों पर खर्च करने के मामले में प्रति ट्यूरिस्ट फ्रेंच काफी आगे हैं।

### जयपुर में आते हैं 16 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक

राजस्थान के पर्यटन स्थलों में सबसे ज्यादा विदेशी सैलानी जयपुर में आते हैं। जयपुर में इंटरनेशन एयरपोर्ट होने के कारण यह ट्यूरिस्ट सर्किट का भी काम करता है। यहां पिछले साल 15 लाख 9 हजार से ज्यादा विदेशी सैलानी आए। राजस्थान के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की सुविधा के लिए बनने वाले होटले और रेस्त्रां में भी सबसे ज्यादा फ्रेंच फूड ही तैयार किया जाता है। मैक्रों जिस आमेर महल का दौरा करने पहुंचे हैं वहां पहले ही फ्रेंस पर्यटकों का दल भी मौजूद रहा। मैक्रों ने उनसे बातचीत भी की और उनसे यहां के सांस्कृतिक अनुभवों की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन के इंजन में अचानक लगी आग


**बनिहाल।** काजीगुंड रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में काजीगुंड रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई।



अधिकारियों ने जानकारी दी है कि आग लगने के पीछे का अभी तक कारण नहीं पता चल पाया है। वहीं हादसे में किसी भी यात्री की जान जाने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। रेलवे कर्मचारी समय पर पहुंच गए।

### 4 वाहनों में भीषण टक्कर, 4 की मौत


**धर्मपुरी।** तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले में थोप्पुर घाट पर भयानक और रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। जबकि 8 घायल हो गए, क्योंकि चार वाहन एक-दूसरे से टकरा गए, जिसके परिणामस्वरूप यह हादसा हुआ।



तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की।

### डेढ़ घंटे बंद रहेगा तिलक ब्रिज

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड समारोह के मद्देनजर 26 जनवरी को नई दिल्ली में तिलक ब्रिज पर रेल यातायात सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक अस्थायी रूप से निलंबित रहेगा।



उत्तर रेलवे ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि तिलक ब्रिज पर रेल यातायात बंद होने कारण कुछ रेलगाड़ियां अस्थाई रूप से रद्द रहेंगी।

### 1.8 मिनट में खत्म कर दिया बजट भाषण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की तनातनी जारी है।



राज्यपाल ने गुरुवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत करते हुए अपने नीतिगत संबोधन को छोटा कर दिया और दो मिनट से भी कम समय में समाप्त कर दिया। सदन में सभी का अभिवादन करते हुए हुए उन्होंने अपना संबोधन शुरू किया।

### देवप्रयाग को जोड़ने के लिए बनेंगे तीन पुल

**देहरादून ।** ऋषिकेश से देवप्रयाग तक गंगा नदी के बीच पौड़ी जिले को जोड़ने के लिए तीन और नए पुलों का निर्माण होगा।



मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने सचिव लोनिवि डॉ. पंकज कुमार पांडेय को इस संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कनेक्टिविटी की सुविधा मिलने से गंगा नदी के पार पौड़ी जिले के हिस्से में पर्यटन और अन्य गतिविधियों को मजबूती मिल सकती है।

### बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और कहा

# बुलंदशहर से पीएम का बुलंद ऐलान कहा- आपके सारे सपने मेरा संकल्प

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही बुलंदशहर में दो स्टेशनों से मालगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) पर न्यू खुर्जा-न्यू रेवाड़ी के बीच 173 किलोमीटर लंबी डबल लाइन विद्युतीकृत खंड का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने कहा कि राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए और अब यहां जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है।

> बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने कहा कि राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को

### पश्चिमी यूपी रोजगार देने वाला प्रमुख केंद्र बना

- राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय
- ग्रेटर नोएडा में बनेगी एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप
- नैनो यूरिया से किसानों की लागत कम होगी



### भारत का पहला नमो प्रोजेक्ट यूपी में

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का पहला नमो भारत प्रोजेक्ट पश्चिमी यूपी में ही शुरू हुआ है। यूपी के कई शहर मेट्रो सुविधा से जुड़ रहे हैं। सरकार के प्रयासों से आज पश्चिमी यूपी रोजगार देने वाले प्रमुख सेंटर में से एक बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज यह शहर दुनिया भर के निवेश के लिए तैयार है।

### इस क्षेत्र ने कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया

पीएम मोदी ने बुलंदशहर में कल्याण सिंह को याद किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने देश को कल्याण जी जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां हैं वो अयोध्या धाम को देखकर बहुत आनंदित हो रहे होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि देश ने कल्याण सिंह और उनके जैसे अनेक लोगों का सपना पूरा किया है लेकिन अभी भी सशक्त राष्ट्र निर्माण का और सच्चे सामाजिक न्याय का उनका सपना पूरा करने के लिए हमें अपनी गति बढ़ानी है। हमें मिलकर काम करना है। राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है।



### विकसित भारत का निर्माण यूपी के विकास बिना संभव नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। लक्ष्य बड़ा हो तो उसके लिए हर साधन को जुटाना पड़ता है। सबको मिलकर कोशिश करनी पड़ती है। विकसित भारत का निर्माण भी यूपी के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स भी मिले हैं। ये प्रोजेक्ट्स रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज से जुड़े हुए हैं।

### किसान हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजन से जुड़ी सरकार ने गन्ना किसानों की समस्याओं को लगातार कम करने की कोशिश की है। हमारी सरकार इथेनॉल बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज सरकार हर किसान के परिवार के चारों ओर एक पूर्ण सुरक्षा कवच बना रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसानों को उर्वरक मिलता रहे। हमारी सरकार ने लाखों करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

### राष्ट्रपति ने 75वें गणतंत्र दिवस पर कहा

# महिलाएं ही आने वाले कल को आकार देंगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं ही आने वाले कल को आकार देंगी। महिला सशक्तिकरण और महिला और पुरुष के बीच समानता अब केवल नारे नहीं रह गए हैं। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुल कर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं।'

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है।

### संविधान का मूल भाव लोकतंत्र

राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना 'हम, भारत के लोग', इन शब्दों से शुरू होती है। ये शब्द, हमारे संविधान के मूल भाव अर्थात लोकतंत्र को रेखांकित करते हैं। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, लोकतंत्र की पश्चिमी अवधारणा से कहीं अधिक प्राचीन है। इसीलिए भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाता है। हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला है।

### राम मंदिर न्यायिक प्रक्रिया में आस्था का प्रमाण

उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र की मूल भावना से एकजुट होकर 140 करोड़ से अधिक भारतवासी एक कुटुंब के रूप में रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े इस कुटुंब के लिए, सह-अस्तित्व की भावना, भूगोल द्वारा थोपा गया बोझ नहीं है, बल्कि सामूहिक उल्लास का सहज स्रोत है, जो हमारे गणतंत्र दिवस के उत्सव में अभिव्यक्त होता है। हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद, मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अब यह एक भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है। यह मंदिर न केवल जन-जन की आस्था को व्यक्त करता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।


### ज्ञानवापी में अगली सुनवाई 6 फरवरी को

# हिंदू पक्ष ने मांगी सर्वे रिपोर्ट की कॉपी, कोर्ट में दी अर्जी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर में हुए एएसआई सर्वे की रिपोर्ट के लिए हिन्दू पक्ष ने कोर्ट में आवेदन दिया है। इससे पहले बुधवार 24 जनवरी को ही जिला कोर्ट ने इस एएसआई सर्वे की रिपोर्ट दोनों पक्षों को सौंपने का आदेश दिया है। जिसके बाद आज हिन्दू पक्ष की ओर से रिपोर्ट को हासिल करने कि लिए अदालत में अर्जी दी गई है।

हिन्दू पक्ष का कहना है कि सर्वे की रिपोर्ट मिलने के बाद इस कॉपी का अध्ययन किया जाएगा। ताकि पता चल सके कि सर्वे में क्या-क्या बातें सामने आई है।



### कोर्ट ने सर्वे की हार्ड कॉपी देने को कहा

वाराणसी जिला अदालत ने 24 जनवरी को ही ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे की रिपोर्ट दोनों पक्षों को देने का आदेश दिया था। अदालत के आदेश के मुताबिक सभी पक्षकारों को प्रार्थना पत्र देने पर सर्वे की हार्ड कॉपी मुहैया करा दी जाएगी।

### कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका

# पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार की भाजपा में हुई वापसी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु


कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी छोड़ने वाले पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार की भाजपा में वापसी हो गई है। शेट्टार को कर्नाटक में दबदबे वाली लिंगायत समुदाय का बड़ा नेता माना जाता है। हालांकि, अब तक कांग्रेस छोड़ने की वजह साफ नहीं हो सकी है। शेट्टार ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता दोबारा ली। उनके साथ दिल्ली कार्यालय में कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहे।



### इस्तीफे पर जमकर बरसे थे येदियुरप्पा

भाजपा की तरफ से टिकट नहीं मिलने के बाद शेट्टार और लक्ष्मण सवादी ने पार्टी छोड़ दी थी। इसके बाद येदियुरप्पा दोनों ही नेताओं पर जमकर हमलावर हो गए थे। बीते साल अप्रैल में उन्होंने कहा था, 'पार्टी ने शेट्टार और सवादी को हर संभव सभी मौके दिए।

## गणतंत्र दिवस पर उल्लास की रोशनी



गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंबई के छत्रपति महाराज टर्मीनस को तिरंगे के रंग से रोशन किया गया।

### बंगाल में राहुल की न्याय यात्रा से ममता की दूरी

# टीएमसी ने कहा अधीर रंजन बोलते हैं भाजपा की भाषा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

इंडिया ब्लॉक में तनाव के बीच पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मेगा रैली के 12वें दिन पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई है। हालांकि, ममता बेनर्जी ने इससे पूरी दूरी बना रखी है। टीएमसी सुप्रीमो ने कांग्रेस पर निराशा व्यक्त करते हुए दावा किया था कि उन्होंने उन्हें पश्चिम बंगाल में अपनी नियोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में भी सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा, 'शिष्टाचार के नाते, उन्होंने मुझे यह भी सूचित नहीं किया कि वे बंगाल में यात्रा आयोजित करने जा रहे हैं।' बेनर्जी के फैसले से भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करने के विपक्ष के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है।

- न्याय भारत यात्रा के बारे में सूचना नहीं दी गई
- विपक्ष के प्रयासों को लगा झटका



### चौधरी भाजपा के इशारे पर काम कर

तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन ने पश्चिम बंगाल में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन नहीं हो पाने के लिए पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के दो मुख्य विरोधी हैं: भाजपा और अधीर रंजन चौधरी। वह भाजपा की भाषा बोलते हैं। इसके साथ ही कहा कि बंगाल में गठबंधन न चल पाने के तीन कारण है। 1. अधीर रंजन चौधरी 2. अधीर रंजन चौधरी 3. अधीर रंजन चौधरी। चौधरी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आवाज उनकी है, लेकिन शब्द दिल्ली में बैठे दो लोगों द्वारा दिए जा रहे हैं। पिछले दो साल में अधीर रंजन चौधरी भाजपा की बोलते रहे हैं। उन्होंने बंगाल को केंद्रीय कोष से वंचित रखे जाने का मुद्दा एक बार भी नहीं उठाया।'

### डेंगू, मलेरिया, कोढ़, खत्म होने का समय आ गया

कांग्रेस के असंतुष्ट नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तमिलनाडु की डीएमके सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद चेन्नई में निकाली गई शोभा यात्रा पर कमेंट करते हुए डीएमके को एक नया नाम दिया। उन्होंने कहा, 'अब तमिलनाडु में डेंगू (डी) मलेरिया (एम) कोढ़ (के) के खत्म होने का समय आ गया है। जय-जय श्री राम।' आचार्य प्रमोद कृष्णम का ये बयान तमिलनाडु सरकार के मंत्री और एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म वाले बयान का जबाव माना जा रहा है। उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश कुमार की ओर से वंशवाद को लेकर की गई टिप्पणी पर चुटकी ली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इंडिया गठबंधन की क्या अद्भुत व्याख्या है।

### ठंड से स्कूली बच्चों की मौत

# केके पाठक सहित तीन के खिलाफ परिवाद दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद सभी स्कूल का संचालन लगातार जारी है।



दो-तीन दिन पूर्व बिहार के शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक ने एक पत्र जारी कर सभी यह निर्देश कर दिया था कि किसी भी सूरत में स्कूल में छुट्टी नहीं होगी। इसको लेकर बिहार के पटना में डीएम और शिक्षा विभाग के सचिव के के पाठक के बीच विवाद भी चल रहा है।

### सर्दी में बच्चों को बुलाना अपराध

इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक, संयुक्त सचिव कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव और मुजफ्फरपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह के खिलाफ अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने मुजफ्फरपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में कोर्ट परिवाद दर्ज कराया है। इसमें परिवादी के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि अमानवीय तरीके से इतनी जबरदस्त सर्दी के बावजूद स्कूल को खोल रखना और जबरन बच्चों को बुलाना एक सोची समझी साजिश और यह बड़ा अपराध है।

## खबर संक्षेप

### पीएनबी का मुनाफा तीन गुना होकर 2,223 करोड़





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही का मुनाफा तीन गुना से अधिक होकर 2,223 करोड़ रुपये रहा है। बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 629 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

### एसीसी का लाभ चार गुना बढ़कर 537 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** सीमेंट बनाने वाली कंपनी एसीसी लिमिटेड का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में चार गुना से ज्यादा होकर 537.67 करोड़ रुपये रहा है। इसका श्रेय बढ़ी उत्पादन क्षमता और भट्टी ईंधन लागत में कमी को दिया। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 113.19 करोड़ रुपये रहा था।

### वेदांता का लाभ तिमाही में 18 प्रतिशत गिरा




**नई दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली वेदांता लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 18.3 प्रतिशत गिरकर 2,013 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,463 करोड़ रुपये रहा था।

### आईईएक्स का तिमाही लाभ 19 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री मंच इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 91.80 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। आईईएक्स ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी।

### ग्लेनमार्क ने जियांग्सू अल्फामैब से किया करार



**नई दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की शाखा ग्लेनमार्क स्पेशलिटी एस ए ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाले केएन035 (एन्वाफोलिमैब) के लिए जियांग्सू अल्फामैब बायोफार्मास्युटिकल्स कंपनी और 3डी मेडिसिन्स (बीजिंग) कंपनी लिमिटेड के साथ एक लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### ओला का घाटा बीते वित्त वर्ष कम होकर 772 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** ओला ब्रांड के तहत परिचालन करने वाली एएनआई टेक्नोलॉजीज का एकीकृत शुद्ध घाटा बीते वित्त वर्ष (2022-23) में कम होकर 772.25 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का एकीकृत घाटा वित्त वर्ष 2021-22 में 1,522.33 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी एकीकृत परिचालन आय आलोच्य वित्त वर्ष में लगभग 48 प्रतिशत बढ़कर 2,481.35 करोड़ रुपये रही, जो 2021-22 में 1,679.54 करोड़ रुपये रही थी।

# हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद समूह और मजबूत होकर उभरा : अदाणी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति गौतम अदाणी ने गुरुवार को कहा कि पिछले साल पेश हुईं 'जांचों तथा कठिनाइयों' ने अदाणी समूह को और मजबूत बनाया है जिससे यह वृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है, परिसंपत्ति आधार में सुधार कर रहा है और धारावी पुनर्विकास सहित प्रमुख परियोजनाएं शुरू कर रहा है।

- समूह परिसंपति आधार में वृद्धि के साथ सुधार कर रहा

अदाणी ने अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग एवं शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के एक साल पूरे होने पर यह बयान दिया। हिंडनबर्ग रिसर्च की 24 जनवरी 2023 को जारी रिपोर्ट में अदाणी समूह की कंपनियों पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियां करने के आरोप लगाए थे।

## पिछले साल की जांचों व कठिनाइयों ने समूह को मजबूत बनाया

### हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पूरी तरह मनगढंत

अदाणी ने कहा कि इन आरोपों का पहले ही निपटारा हो चुका था और उनके 'आलोचक इन्हें फिर से तूल देने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, ' एक शोध रिपोर्ट (हिंडनबर्ग रिपोर्ट) के रूप में पूरी तरह से मनगढ़ंत.... उसे सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी को लेकर, बेहद चतुराई से कुछ ही तथ्यों का चयन कर तैयार किया गया।'

### आरोपो को 'झूठा' करार दिया

शुरू की गई इन योजनाओं में खावड़ा (गुजरात) में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन साइट, एक नया तांबा स्मेल्टर, एक हरित हाइड्रोजन परिवेश और धारावी (मुंबई की झुग्गियां) का बहुप्रतीक्षित पुनर्विकास शामिल हैं। अदाणी ने हिंडनबर्ग रिसर्च के धोखाधड़ी तथा शेयर बाजार में हेरफेर के आरोप को 'झूठा' ... करार दिया।



*घाटे की भरपाई कर ली गई :* अदाणी ने कहा कि परिचालन पर निरंतर ध्यान देने से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक तिमाही लाभ हुआ। समूह की अधिकतर सूचीबद्ध कंपनियों ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद हुए घाटे की भरपाई कर ली है।

*परिसंपति आधार में 4.5 लाख करोड़ की वृद्धि :* उद्योगपति ने कहा, 'हम अपनी वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह ने अपना निवेश जारी रखा है, जिसका प्रमाण हमारी परिसंपत्ति आधार में 4.5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि है।' उन्होंने कहा, 'इस दौरान (पिछले एक वर्ष की अवधि में) कई प्रमुख परियोजनाओं को शुरू किया गया।

### समूह ने 17,500 करोड़ के कर्ज की कटौती की

हालांकि, समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। अदाणी ने एक प्रमुख समाचार पत्र में लिखे लेख में कहा कि अदाणी समूह ने कुछ कंपनियों में हिस्सेदारी की बिक्री के जरिए 40,000 करोड़ रुपये की इक्विटी जुटाई जो अगले दो वर्षों के लिए ऋण चुकौती के बराबर है, तथा समूह ने 'मार्जिन-लिंक्ड' वित्तपोषण के 17,500 करोड़ रुपये चुकाए और कर्ज में कटौती की।

## आरबीआई डिजिटल मुद्रा को बेहतर बनाने में लगी

# डिजिटल मुद्रा पर सरकार, आरबीआई सक्रियता से कर रहे काम: सीतारमण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सक्रिय रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं ताकि इसका उपयोग सीमापार भुगतान के लिए किया जा सके।

आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया है और नौ बैंकों - भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी... को इसके लिए चुना है।


### खुदरा लेन देन 1 दिसंबर 2022 से शुरू किया गया

इसके अलावा, आरबीआई ने खुदरा लेन-देन के लिए एक दिसंबर, 2022 को पायलट आधार पर सीबीडीसी या ई-रुपया शुरू किया। ई-रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में है जो कानूनी रूप से वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे कागजी मुद्रा और सिक्कों के समान मूल्यवर्ग में जारी किया जा रहा है। इसे बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है।

### ई-रुपए में लेनदेन कर सकेंगे

उपयोगकर्ता पायलट परियोजना में शामिल बैंकों द्वारा पेश डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ई-रुपये से लेनदेन कर सकते हैं। हिंदू कॉलेज के 125 साल पूरे होने के अवसर पर एक कार्यक्रम में सीतारमण ने कहा, 'हमें पूरा विश्वास है कि यह सीमापार भुगतान में मदद करेगा। यह अधिक पारदर्शिता लाएगा...।'






### सरकार का ध्यान विनिर्माण और कृषि क्षेत्र पर

भारत को 'विकसित देश' बनाने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान विनिर्माण और कृषि पर होगा। सीतारमण ने कहा, 'कृषि ने अपनी प्रधानता बरकरार रखी है और हम फसल कटाई के बाद की गतिविधियों आदि को आधुनिक बनाकर कृषि को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं।'

- इसका उपयोग सीमापार भुगतान में किया जा सके
- पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया गया

*विनिर्माण क्षेत्र में 13 उभरते क्षेत्रों की पहचान :* वित्त मंत्री ने कहा कि विनिर्माण क्षेत्र में, सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, मशीन लर्निंग, पृथ्वी विज्ञान और अंतरिक्ष सहित 13 उभरते क्षेत्रों की पहचान की है।

### पैसा देश में लाने की लागत घटेगी

वित्त मंत्री ने कहा कि यह लागत में कमी लाने के साथ भुगतान में तेजी लाने में मदद करता है। इससे पैसा बाहर भेजने या देश में लाने की लागत में कमी आती है। वित्त मंत्री ने कहा, 'नियामक और सरकार दोनों इसपर काम कर रहे हैं...।'

### सामाजिक योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्णता के करीब

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर 'पूर्ण लक्ष्य' तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से 'आत्मनिर्भर' बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।"

### आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी


पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है।" उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उनपर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी।

### सरकार का उद्देश्य लोगों को सशक्त बनाना

वित्त मंत्री ने कहा, "यह साफ है कि 2014 से लेकर अबतक हमने तेजी के साथ काम किया है और योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने पर ध्यान दिया। हमने मानदंड आगे बढ़ाया है तथा आप इसे और आगे ले जाएंगे। सुनिश्चित करें कि हर कोई जो वास्तव में इसे पाने के योग्य है।

# चार कंपनियों को आईपीओ लाने सेबी की हरी झंडी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस, जेएनके इंडिया, एक्जिकॉम टेली सिस्टम्स और एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने के लिए शेयर बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने स्टालियन इंडिया फ्लूरोकेमिकल्स के आईपीओ दस्तावेजों को लौटा दिया है।

सेबी के पास 19 जनवरी तक आईपीओ दस्तावेजों की स्थिति के अनुसार नियामक ने चार कंपनियों को शुरुआती शेयर बिक्री की मंजूरी दी है।

सेबी ने बृहस्पतिवार को बताया कि इन कंपनियों ने आईपीओ दस्तावेज जून से अक्टूबर के बीच जमा कराए हैं। इन कंपनियों को मंजूरी पत्र 16-19 जनवरी के बीच मिले। एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस के दस्तावेजों के अनुसार, इसके आईपीओ में 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे जबकि इसमें 85.57 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी होगी। एंटेरो हेल्थकेयर सॉल्यूशंस की स्थापना 2018 में प्रभात अग्रवाल और प्रेम सेठी ने की थी। जेएनके इंडिया के आईपीओ में 300 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें 84.21 लाख इक्विटी शेयर का ओएफएस होगा। उदयपुर की एक्मे फिनट्रेड (इंडिया) लिमिटेड के आईपीओ में 1.1 करोड़ इक्विटी शेयर की बिक्री होगी। इसमें कोई ओएफएस नहीं होगा।

- एंटेरो हेल्थ केयर 1000करोड के नए शेयर जारी करेगी

### एक्जिकॉम टेली 74 लाख इक्विटी जारी करेगा

एक्जिकॉम टेली-सिस्टम्स लिमिटेड के आईपीओ में 400 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसमें 74 लाख इक्विटी शेयरों का ओएफएस होगा। कंपनी में 71.45 प्रतिशत हिस्सेदारी नेक्स्टवेब कम्युनिकेशंस की है।

# एयर इंडिया के बेड़े में जून तक शामिल होंगे पांच ए350 विमान

- 40 पुराने बोइंग 787 और 777 विमान जुलाई तक होंगे उन्नत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



एयर इंडिया जून तक अपने बेड़े में पांच और ए350 विमान शामिल करेगी। साथ ही 40 पुराने बोइंग 787 और 777 विमानों को उन्नत करने की प्रक्रिया जुलाई में शुरू होगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2024 में औसतन हर छह दिन में एक विमान एयरलाइन के बेड़े में शामिल होगा। घाटे में चल रही एयर इंडिया का टाटा समूह ने दो साल पहले 27 जनवरी को अधिग्रहण कर लिया था। उसके बाद से ही इस एयरलाइन को फिर से चाकचौबंद करने की कोशिशें चल रही हैं। विल्सन ने कर्मचारियों को भेजे एक संदेश में कहा कि एयर इंडिया के बेड़े में पांच और ए350 शामिल होंगे, जो जनवरी एवं जून के बीच उड़ान भरना शुरू कर देंगे।

*आंतरिक साजसज्जा को उन्नत करना शुरू किया :* विल्सन ने कहा, 'हमारे पुराने बोइंग 787 तथा 777 विमानों में से 40 को उन्नत करने और सीटों एवं मनोरंजन की प्रणालियों को पूरी तरह बदलने की प्रक्रिया जुलाई, 2024 में शुरू होगी। साथ ही पतले आकार वाले 41 ए320 विमानों की आंतरिक साजसज्जा को भी उन्नत करना शुरू किया जाएगा।'

## अदाणी पावर के मुनाफे में जबर्दस्त उछाल



**नई दिल्ली।** अदाणी पावर का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में जबर्दस्त उछाल के साथ 2,738 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ नौ करोड़ रुपये रहा था। अदाणी पावर ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 13,355 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,290 करोड़ रुपये रही थी। अदाणी पावर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एस बी ख्यालिया ने बयान में कहा, 'अदाणी पावर ने उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को हासिल करके सभी क्षेत्रों में अपना बेहतरीन प्रदर्शित जारी रखा है, जैसा 2023-24 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों से पता चलता है।' उन्होंने ने कहा कि महान में चल रही 1,600 मेगावाट की पुरानी क्षमता का विस्तार पटरी पर है, जबकि 'हम अधिग्रहण के जरिये विस्तार की भी तैयारी कर रहे हैं।'

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 360 अंक टूटा



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 360 अंक के नुकसान में रहा। वहीं निफ्टी 21,400 अंक से नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 359.64 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,700.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 741.27 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के 19 शेयर नुकसान में जबकि 11 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,352.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने और कंपनियों के मिले-जुले वित्तीय परिणाम के साथ विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाली कर रहे हैं।

- निफ्टी 21,400 अंक से नीचे फिसला
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पूंजी निकासा जारी रखी

### वैश्विक बाजारों में रहा कमजोर रुख

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सकारात्मक रुख से वहां नीतिगत दर में फिलहाल कटौती की संभावना कम हुई है।' उन्होंने कहा, 'एफआईआई बिकवाली कर रहे हैं क्योंकि अमेरिकी बॉन्ड का प्रतिफल बढ़ा है।'

## कंपनी परिणाम

### रतनइंडिया

रतनइंडिया पावर का दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 586.97 करोड़ रुपये हो गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 479.76 करोड़ का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था।अक्टूबर-दिसंबर में उसकी कुल आय एक साल पहले के 931.29 करोड़ रुपये के मुकाबले घटकर 888.30 करोड़ रुपये रह गई।

### बायजू

बायजू ब्रांड के तहत परिचालन करने शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी थिंक एंड लर्न ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में उसका परिचालन घाटा बढ़कर 6,679 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बताया कि उसकी दो अनुषंगी इकाइयों व्हाइट हैट जूनियर और ओस्मो में हुए नुकसान के चलते उसका परिचालन घाटा बढ़ा।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी

जेएसडब्ल्यू एनर्जी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 28 प्रतिशत बढ़कर 231 करोड़ रुपये रहा है। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। एक साल पहले 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 180 करोड़ रुपये था।

### यूनाइटेड स्पिरिट्स

प्रमुख शराब उत्पादक यूनाइटेड स्पिरिट्स का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 63.5 प्रतिशत बढ़कर 350.2 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने एक साल पहले की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 214.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी का परिचालन राजस्व 5.32 प्रतिशत बढ़कर 6,9620 करोड़ रुपये हो गया।

### पिडिलाइट

पिडिलाइट इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 66 प्रतिशत बढ़कर 510.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने 307.74 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी का राजस्व 4.41 प्रतिशत बढ़कर 3,130 करोड़ रुपये हो गया।

### हैवेल्स

उपभोक्ता बिजली उत्पाद बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने दिसंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 1.54 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी के साथ 287.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले 283.52 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।


## सोना 150 रुपए टूटा, चांदी 200 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 150 रुपये के नुकसान के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 200 रुपये की मजबूती के साथ 76,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 150 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।''

## बजट आर्थिक वृद्धि को गति देने वाला होगा

- उद्योग जगत का मानना, विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा




**नई दिल्ली।** उद्योग जगत का मानना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने अंतरिम बजट में विनिर्माण को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़ी राशि निर्धारित करने और कराधान मोर्चे पर राहत देते हुए सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं पर अधिक ध्यान देंगी।

सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरित बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है। उद्योग जगत का कहना है कि सरकार के लिए देश में आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाना जरूरी है क्योंकि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।सीआईआई ने विनिर्माण में गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 'अत्याधुनिक विनिर्माण के लिए राष्ट्रीय मिशन' शुरू करने का सुझाव दिया है।

## ग्लूफोसिनेट टेक्निकल के आयात पर लगा प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के मकसद से 1,289 रुपये प्रति किलो से कम कीमत वाले खरपतवारनाशक -ग्लूफोसिनेट टेक्निकल- के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। ग्लूफोसिनेट एक प्रकार का खरपतवारनाशक है। इसका उपयोग खेतों में खरपतवार को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। 'ग्लूफोसिनेट टेक्निकल की आयात नीति को मुक्त से निषेध श्रेणी में किया गया है। हालांकि, यदि लागत, बीमा, माल ढुलाई मूल्य 1,289 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है, तो आयात पहले की तरह मुक्त होगा।'

## दोनों बेटों रिशद व तारिक को एक करोड़ शेयर दिए

# अजीम प्रेमजी ने बेटों की गिफ्ट में दिए 500 करोड़ रुपए के शेयर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश की दिग्गज आईटी कंपनी विप्रो के फाउंडर अजीम प्रेमजी ने अपने दोनों बेटों, रिशद और तारिक को लगभग 500 करोड़ रुपये के शेयर गिफ्ट में दिए हैं। ये जानकारी विप्रो ने शेयर बाजार को दी है। विप्रो की एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक अजीम प्रेमजी की तरफ से 51,15,090 इक्विटी शेयर विप्रो के चेयरमैन रिशद प्रेमजी को दिए गए।

- कंपनी में प्रमोटर के पास 72.90 फीसदी की हिस्सेदारी है

इसी तरह, विप्रो एंटरप्राइजेज के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तारिक प्रेमजी को भी 51,15,090 इक्विटी शेयर का गिफ्ट मिला है। इसका मतलब ये हुआ कि अजीम प्रेमजी ने अपने दोनों बेटों को कुल 1,02,30,180 शेयर गिफ्ट किए हैं।



### अजीम प्रेमजी के पास कितने शेयर

इसमें भी सबसे ज्यादा अजीम प्रेमजी के पास 4.32 फीसदी हिस्सेदारी थी, जो 22,58,08,537 शेयर के बराबर है। वहीं, रिशद और तारिक प्रेमजी के पास क्रमशः 0.03 फीसदी हिस्सेदारी थी। अजीम प्रेमजी की पत्नी यासमीन के पास 0.05% की हिस्सेदारी है। इसके अलावा अजीम प्रेमजी के अलग-अलग ट्रस्ट या फाउंडेशन 68.47 फीसदी के हिस्सेदार हैं। शेयर के ट्रांजैक्शन के साथ अजीम प्रेमजी की कंपनी में 4.12% हिस्सेदारी रह जाएगी।

### विप्रो के शेयर

विप्रो के शेयर गुरुवार को 471.85 रुपये पर बंद हुए थे। इस भाव पर अजीम प्रेमजी द्वारा दोनों बेटों को गिफ्ट में दिए गए कुल 1,02,30,180 (एक करोड़ से अधिक) शेयरों का मूल्य 489 करोड़ रुपए है। बता दें कि गुरुवार को कंपनी के शेयर में गिरावट आई और यह 471.85 रुपए भाव पर बंद हुआ। शेयर ने इसी साल 15 जनवरी को 526.45 रुपये के भाव को टच किया। यह शेयर के 52 वीक का हाई है। इस लिहाज से देखें तो शेयर में मुनाफावसूली का दौर चल रहा है।

### शेयरहोल्डिंग पैटर्न की डिटेल

विप्रो ने दिसंबर 2023 में शेयरहोल्डिंग पैटर्न को अपडेट किया था। इसके मुताबिक प्रमोटर्स के पास 72.90 फीसदी की हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डिंग 26.97 फीसदी की है। इसके अलावा 0.13 फीसदी हिस्सेदारी अन्य के पास है। दिसंबर तक प्रमोटर ग्रुप के चार लोगों के पास 4.43 फीसदी हिस्सेदारी थी।

# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब से एक जीत दूर, फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से अब बस एक जीत दूर है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ यहां आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन की जोड़ी को गुरुवार को तनावपूर्ण सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

करीब दो घंटे तक चले मैच में सुपर टाइ ब्रेकर्स में उनका अनुभव काम आया। झांग विश्व रैंकिंग में 54वें और माचाक 75वें स्थान पर हैं। दोनों एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में होने के साथ बेहद शानदार खिलाड़ी हैं और उन्होंने बोपन्ना तथा एबडेन को कड़ी चुनौती दी। एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया था।

## सिमोन-आंद्रिया से होगा सामना

बोपन्ना ने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे हैं लेकिन ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा जिन्होंने जर्मनी के यानिक हांफमैन और डोमिनिक कोफेर को 6-3, 3-6, 7-6 से हराया।

### युगल सेमीफाइनल में माचाक-झिंझेन को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया



*'सर्किट पर हमने कई सुपर टाइब्रेकर खेले हैं। हमारे प्रतिद्वंद्वियों का रिटर्न बेहतरीन था जिससे हमें सर्विस मजबूत रखनी थी। एबडेन के साथ मेरा तालमेल अच्छा रहा है।'*

**-रोहन बोपन्ना**

*'मैं बहुत खुश हूं। घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास रहा। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। युगल विशेषज्ञों का सामना एकल विशेषज्ञों से था और दर्शकों को मजा आया होगा। हम काफी मेहनत कर रहे हैं और अब एक मैच बाकी है।'*

**- मैथ्यू एबडेन**



## सबालेंका ने गॉफ को हराया

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को यहां कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन से होगी। झेंग पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रही हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी।





किसान बंधुओं,

अब मण्डी में प्रवेश पर्ची बनवाने हेतु लंबी कतार से बचे e-Mandi ऐप के माध्यम से स्वयं प्रवेश पर्ची प्राप्त करें।

- सर्वप्रथम अपने एंड्राइड मोबाईल में गूगल प्लेस्टोर से मण्डी बोर्ड भोपाल का e-Mandi ऐप इंस्टाल करें।
- कृषक भाई इस ऐप में कृषक पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण करें। इस हेतु अपना न्यूनतम आवश्यक विवरण स्वयं भरें।
- किसान लॉगिन में जाकर हरदा मण्डी का चयन कर अपनी फसल विवरण दर्ज कर प्रवेश पर्ची स्वयं अपने मोबाईल में ही प्राप्त करें।
- प्रवेश पर्ची का स्क्रीन शॉट POS मशीन संचालनकर्ता कर्मचारी को नीलाम के समय दिखावें।

इसी के साथ मण्डी प्रांगण में भी e-Mandi प्रवेश पर्ची सुविधा उपलब्ध है। कृषक बंधु यहां से भी अपनी प्रवेश पर्ची प्राप्त कर सकते है।

इस तरह लॉग-इन करने के बाद आप जब भी मण्डी में फसल विक्रय करने आवे तो मात्र फसल विवरण ही दर्ज करना होगा। इससे आपको लम्बी कतार, समय, श्रम की बचत होगी।
अतः कृषक बंधुओं से अनुरोध है कि मण्डी बोर्ड के e-Mandiऐप का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

**सचिव**
कृषि उपज मण्डी समिति हरदा

**भारसाधक अधिकारी**
कृषि उपज मण्डी समिति हरदा


## टेस्ट : टीम इंडिया ने एक विकेट पर बनाए 119 रन

# अश्विन और जडेजा भारत की सबसे सफल जोड़ी, इंग्लैंड 246 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति को बेअसर साबित करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया। मैच के दौरान रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। यह स्पिन जोड़ी अब टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे सफल जोड़ी बन गई है। उन्होंने एक जोड़ी के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने के मामले में अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की जोड़ी को पछाड़ दिया है। कुंबले-भज्जी की जोड़ी ने एक साथ मिलकर भारत के लिए 501 विकेट चटकाए थे, मगर अब अश्विन और जडेजा ने 502 विकेट अपने नाम कर भारत की सबसे सफल जोड़ी का टैग अपने नाम कर लिया है। जवाब में यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से मेजबान ने अच्छी शुरुआत भी की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे। शानदार फॉर्म में दिख रहे युवा तुर्क जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं।



## आठ विकेट स्पिनर के नाम

*सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। मददगार पिच पर रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को दो दो विकेट मिले।*

## भारतीय विकेटटेकर जोड़ी

| विकेट | खिलाड़ी |
|---|---|
| 502 | रविचंद्रन अश्विन/रविंद्र जडेजा |
| 501 | अनिल कुंबले/हरभजन सिंह |
| 474 | जहीर खान/हरभजन सिंह |
| 431 | रवि अश्विन/उमेश यादव |
| 412 | अनिल कुंबले/जवागल श्रीनाथ |

## स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3 | 0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7 | 0 |
| पोप का शर्मा बो जडेजा | 01 | 11 | 0 | 0 |
| रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6 | 3 |
| फोक्स का भरत बो पटेल | 04 | 24 | 0 | 0 |
| अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1 | 0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2 | 1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 64.3 ओवर में 246/10
गेंदबाजी : बुमराह 8.3-1-28-2, सिराज 4-0-28-0, जडेजा 18-4-88-3, अश्विन 21-1-68-3 , अक्षर 13-1-33-2.


**COLLEGE OF AGRICULTURE, JNKVV, JABALPUR**

**WALK IN INTERVIEW**

Eligible candidates may appear for "Walk-In-Interview" for the post of Project Assistant on contractual basis with the original documents and two sets of application form (with attested photographs and photocopies of documents) on dated 07th February, 2024 (11.00 AM onwards) under the project entitled "Development of Low Gluten Wheat Variety through Traditional Breeding Method" funded by National Food Security Mission (NFSM), in the Department of Plant Breeding & Genetics, CoA, JNKVV, Jabalpur. Details and format for application can be obtained from http://www.jnkvv.org

**Place of Interview:** Office of The Dean, College of Agriculture, Jawaharlal Nehru Krishi Vishwa Vidyalaya, Jabalpur-482004.

**IPRO/PBG/24/13** **Dean**


## वर्ल्ड रिकॉर्ड एंडरसन और ब्रॉड के नाम



*इंटरनेशनल क्रिकेट में एक जोड़ी के रूप में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है, जिन्होंने एक साथ मिलकर 1039 विकेट चटकाए हैं। एंडरसन और ब्रॉड के अलावा शेन वॉर्न और ग्लेन मैक्ग्रा की जोड़ी दूसरी ऐसी जोड़ी है जिसने 1000 से अधिक विकेट चटकाए है। मैक्ग्रा और वॉर्न ने मिलकर अपने करियर में 1001 विकेट चटकाए थे।*

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने नामीबिया को 7-2 से रौंदा

**मस्कट।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां हॉकी 5 महिला विश्व कप में नामीबिया को 7-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह भारतीय टीम की पूल सी में लगातार तीसरी जीत थी। टीम अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पूल डी में दूसरे स्थान पर काबिज न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। भारतीय टीम ने पहले पोलैंड को 5-4 से और फिर अगले मैच में अमेरिका को 7-3 से मात दी। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरू में ही दो गोल कर नामीबिया को बिना समय लगाए 'बैकफुट' में पहुंचा दिया। उप कप्तान महिमा चौधरी ने तीसरे मिनट में गोल दागा और एक मिनट बाद ही दीपिका सोरेंग ने बढ़त दोगुनी कर दी।


**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड**

मुख्यालय, भोपाल

क्र./परिवहन/निविदा/243975/2023/NIT No./28 भोपाल, दि. 25.1.24

**परिवहन एवं गोदाम स्तर पर हम्माली कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना**


01. कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के परिवहन कार्यों हेतु ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling, Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से शेष रहे जिलों/रैकपाइन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-
    01. HLRT (खाद्यान्न) रैकपाइन्ट (छठवीं निविदा)
    02. LRT (सामान्य) रैकपाइन्ट (पांचवीं निविदा)
    03. LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन (पन्द्रहवीं निविदा)
    निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु **टोल फ्री नम्बर** (Inbound): 1800-419-3436, 1800-102-3436 (9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat) पर सम्पर्क कर सकते हैं।


एवं

02. कार्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2023-25 के हम्माली कार्यों हेतु ऑनलाइन म.प्र. शासन के MPTENDERS पोर्टल पर शेष रहे जिलों हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-
    1. HLRT (बारदाना) रैकपाइन्ट (द्वितीय निविदा)
    2. गोदाम स्तर पर हम्माली कार्य (नवमीं)

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं। सहयोग एवं स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर 0120-4001002 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/113443/2024 **महाप्रबंधक (परिवहन)**



शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था पर नहीं हो रहा अमल

# अधर में एप हाजिरी व्यवस्था: प्रदेश में 99,145 सरकारी स्कूल, मात्र 8,077 ही दर्ज कर रहे ऑनलाइन उपस्थिति

हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई स्कूल शिक्षा विभाग की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था पर अमल नहीं हो पा रहा है। प्रदेश के मात्र 8,077 स्कूल ही इस हाजिरी एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जबकि प्रदेश में 99,145 सरकारी स्कूल है।

यानि 91,068 स्कूल इस व्यवस्था का पालन ही नहीं कर रहे हैं। इस व्यवस्था को लागू करने के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर इसकी दैनिक मॉनिटरिंग की बात कही थी, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते मॉनिटरिंग नहीं हो रही है।

**91,068 स्कूल इस व्यवस्था का नहीं कर रहे पालन**

**अधिकारियों की अनदेखी के चलते नहीं हो रही रोजाना निगरानी**

**एप पर उपस्थित दर्ज कराने कलेक्टर ने दिए थे निर्देश**

### अक्टूबर 2022 को जारी हुए थे आदेश

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 7 अक्टूबर 2022 को ऑनलाइन एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने व्यवस्था लागू करने के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर को आदेश जारी किए गए थे। जारी आदेश में कहा गया था कि शैक्षणिक गुणवत्ता में उपलब्धि के लिए यह आवश्यक है कि बच्चे शाला में नियमित रूप से उपस्थित हो। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस व्यवस्था को ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम नाम दिया गया था।

### ऑफलाइन भी उपयोग किया जा सकता है एप

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में सामान्यतः मोबाइल नेटवर्क की समस्या होती है। ऐसे में इस एप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह ऑफलाइन भी उपयोग होगा। यूजर नेटवर्क एरिया में आने पर डेटा स्वतः अपलोड हो जाएगा। खास बात यह भी है कि शिक्षक और बच्चों की उपस्थिति शाला प्रारंभ होने के एक घंटे में दर्ज की जा सकेगी।

## जानलेवा हमला कर लूट करने वाले घूम रहे खुलेआम

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत खमरिया बाजार में गत दिवस 10-12 बदमाशों ने भरी दोपहरी में गुंडा टैक्स लेने पर न केवल स्वर्ण व्यापारी के साथ बेरहम मारपीट की बल्कि दुकान में रखे जेवर और 70-80 हजार रुपए नगद लूट लिए । घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी खमरिया पुलिस ने जानलेवा हमला के साथ लूट की इस घटना पर कोई समुचित कार्रवाई नहीं की। आरोपी खुले आम घूम रहा था। पिपरिया पुंडम रोड जालपुर निवासी श्रीमति मनीषा सोनी ने आरोप लगाया है कि उनके पति राजेंद्र सोनी सोने चांदी की दुकान लगाते है। 23 जनवरी की देपहर वे अपने पति के साथ दुकान में थी, तभी क्षेत्र के कुछ बदमाश आकर गुंडा टैक्स मांगने लगे, रुपए देने से मना करने पर 10-12 लड़कों ने उनके पति राजेंद्र सोनी पर जानलेवा हमला किया और उसके बाद दुकान में रखे सोने चांदी के जेवर व रुपयों से भरा बैग लूटकर भाग गए।






### वाट्सएप पर मिलेगी कॉपी

## 181 पर कॉल कर आधार नंबर देने पर एक दिन में बन जाएगा आय व मूल निवास प्रमाण-पत्र

**जबलपुर।** अगर आप मध्यप्रदेश के निवासी हैं और अपना आय या मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए परेशान हो रहे हैं, तो चिंता मत कीजिए। अब आपको सिर्फ 181 पर कॉल करना होगा। यहां आधार नंबर बताकर प्रमाणपत्र ले सकते हैं। जिसके लिए आपके मोबाइल के वाट्सएप पर लिंक सेंट कर दी जाएगी। जिसके आधार पर कॉपी निकाली जा सकती है। सिटीजन केयर योजना के तहत यह सेवा दी जा रही है।

वर्तमान में आम लोगों को आय और मूल निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नजदीकी लोक सेवा केंद्र में जाकर आवेदन करना पड़ता है। जिसके लिए 20 रुपए लोक सेवा केंद्र की फीस भी चुकाना पड़ती है। इसके बाद सुबह आवेदन करने के बाद शाम को प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। सिटीजन केयर योजना के तहत आम लोग अब इस सेवा का फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए 181 पर कॉल करने के बाद सिर्फ आधार की जानकारी देना है। जिसके बाद वाट्सएप पर आय और मूल निवाास प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। लोक सेवा केंद्र प्रबंधक प्रसून सोनी का कहना है कि सिटीजन केयर योजना के तहत आय और मूल निवास की सेवाएं दी जा रही हैं। जिससे आम लोगों को बिना राशि खर्च किए तुरंत आय और मूल निवास प्रमाण पत्र दे दिया जाएगा। जिले के कलेक्टोरेट, टीटी नगर, कोलार और बैरसिया लोकसेवा केंद्रों का काम नए ठेकेदारों ने संभाल लिया है। दरअसल इस बार आवेदकों से 20 रुपए प्रोसेसिंग फीस ली जा रही है, जबकि ठेकेदारों ने 40 रुपए के हिसाब से टेंडर फाइल किया था। 16 जनवरी से काम संभालने के बाद केंद्रों पर व्यवस्थाओं में सुधार किया जा रहा है।

## *नाबालिक के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद*

**जबलपुर।** पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कृत्य करने के आरोपी को दोषी पाते हुए 20 साल के कठोर कारावास और जुर्माने से दंडित किया हैं। कोर्ट ने पीड़िता को 2 लाख रुपए प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश पारित किए है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रांझी थाना क्षेत्र निवासी आरोपी करन चौधरी गत 14 दिसंबर 2022 को मोहल्लें की एक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। घटना के वक्त लड़की घर पर अकेली थी, उसकी माँ बाजार गई थी। लड़की की माँ की शिकायत पर पुलिस ने अपरहण का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान लड़की दस्तायाब की गई उसके बयान लिया गया। उसके बाद पता चला कि आरोपी करन चौधरी उसे अपनी बहन के घर ले गया था, जहां दोनों पति पत्नी के रुप में रहने लगे, इस दौरान आरोपी ने उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाए। पुलिस ने एल्गिन हॉस्पिटल में लड़की का मेडीकल परीक्षण कराया। विवेचना अधिकारी उपनिरीक्षक महिमा रघुवंशी ने विवेचना के उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक श्रीमती मनीषा दुबे ने पैरवी की, जिनके तर्कों व गवाहों और सबूतों की रोशनी में न्यायालय ने आराप को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।

### ओमती के जघन्यतम मामलें में अपर सत्र न्यायालय का फैसला

## *डॉक्टर खान हत्या व लूट कांड के आरोपी को आजीवन कारावास*

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश जबलपुर अभिषेक सक्सेना की अदालत ने ओमती थाना क्षेत्र के सनसनीखेज जघन्य लूट व हत्या कांड के मामलें में आरोपी राजेंद्र मालवीय को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई वहीं दूसरे आरापी पवन विश्वकर्मा को 10 साल की सजा व साथ ही जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओमती थाना अतंर्गत कृतिक अपार्टमेंट सेंट नाईट विसहा निवासी आयशा खान के घर में 12 जून 2018 को शाम 7.15 बजे आरोपी राजेंद्र मालवीय हेल्थ विभाग के संयुक्त संचालक डॉ.सफातुल्लाह खान के घर में घुसा और आरोपी ने पहले आवाज लगाई थी कि बिजली विभाग से आए थे आरोपी मुंह में कपड़ा बांधे था, अंदर घुसते उसने सफातुल्लाह की पत्नी आयशा खान की गर्दन पर चाकू अड़ाई और उसके गले से सोने की चेन खींच ली और कहा कि तेरा डॉ. पति कहा है बैंक से पैसा लाया है कहा रखा है। महिला ने जेब में रखे सबकुछ सामान दे दिया उसके बाद आरोपियों ने महिला और उसके नाती को बाथरुम में बंद कर दिया। उसी समय एक लड़के के मुंह से कपडा गिर गया तो उसके पति ने उसे पहचान लिया और दोनों ने साथ में लाये चाकू से डॉ. का गला रेत दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने मृतक की बेटी के कान के बाले, गले की चेन लूटी, उसके बाद अलमारी में रखा सोने का डायमंड लगा लॉकेट एवं नगद 10 हजार, 3 घडिया लूट ली। पुलिस ने धारा 397, 450, 302 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना मे लिया। मामलें की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार चौबे व निरीक्षक नीरज कुमार वर्मा द्वारा की गई। उसके बाद न्यायालय में चालान पेश किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय कुमार जैन ने पैरवी की, जिनके तर्को से सहमत होकर एक आरोपी राजेंद्र मालवीय को आजीवन कारावास और वहीं दूसरे आरोपी पवन विश्वकर्मा को 10 साल की कैद सुनाई और जुर्माना भी लगाया।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Sudha Multi Speciality Hospital & High Risk Pregnancy Centre




24 घंटे भर्ती। एक्स-रे, खून, पेशाब की जाँच एवं सोनोग्राफी। डी फिब्रिलेटर, वेन्टीलेटर। सुसज्जित गायनिक विभाग मेडिसिन विभाग। यूरोलॉजी विभाग। जनरल सर्जरी विभाग। न्यूरो सर्जरी। आर्थो विभाग एवं ट्रामा यूनिट। पॉइजन यूनिट

837, Gole Bazar, Jabalpur (M.P.) Phone:2406279, 2403509

भारत देश को एक संपूर्ण आजाद देश बनाने के पीछे ना जाने कितने स्वतंत्रता सेनानियों, भारत के वीर सपूतों ने अपना जीवन त्यागा है। जब भारत आजाद हो गया था तब हमारे भारतीय नेताओं ने सोचा की भारत आजाद हो गया है तो भारत में अपने कुछ नियम लागू होने चाहिए जिससे किसी भी व्यक्ति के मानवाधिकार और उसको अपना अधिकार मिल सके। आजादी के लगभग ढाई साल बाद यानी कि 26 जनवरी 1950 को भारत देश ने अपना संविधान लागू कर दिया और भारत ने खुद को एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में घोषित कर दिया। भारतीय संविधान को हमारी संसद ने लगभग 2 साल 11 महीने और 18 दिनों के बाद 26 जनवरी 1950 को पास किया। भारत ने खुद को संप्रभु, लोकतांत्रिक, गणराज्य घोषित कर दिया, जिसके बाद 26 जनवरी को भारत के लोगों द्वारा गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। भारत में गणतंत्र दिवस का दिन राष्ट्रीय अवकाश के रुप में मनाया जाता है। इस महान दिन का उत्सव लोग मनाते है, सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालय में ध्वजारोहण द्वारा उत्सव मनाया जाता है। साथ ही समाचार देखकर, स्कूल में भाषण के द्वारा या भारत की आजादी से संबंधित किसी प्रतियोगिता में भाग लेकर आदि। इस दिन भारतीय सरकार द्वारा नई दिल्ली के राजपथ पर बहुत बड़ा कार्यक्रम रखा जाता है, जहाँ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद भारत के राष्ट्रपति के समक्ष इंडिया गेट पर भारतीय सेना द्वारा परेड की जाती है।

मा. प्रहलाद सिंह पटेल
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री म.प्र. शासन

मा. राकेश सिंह
लोक निर्माण मंत्री म.प्र. शासन

मा. नीरज सिंह लोधी
विधायक बरगी विधानसभा जबलपुर

मा. रानू तिवारी
जिला अध्यक्ष भाजपा जबलपुर ग्रामीण

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

श्रीमती वर्षाशिव पटेल जिला अध्यक्ष
मध्यप्रदेश पंचायत सरपच संगठन जिला जबलपुर

शिव प्रसाद पटेल (पूर्व सरपंच)
जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ जबलपुर ग्रामीण

इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी
आपका भरोसेमंद विकल्प
"रामराज्य - आदर्श राज्य"
IPAP
सुनहरे भविष्य का सपना साकार करें,
इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी से जुड़े।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पं. पुरुषोत्तम तिवारी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Join IPAP - Mob. 9479492992,6268520900

मा. नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

मा. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मा. नीरज सिंह लोधी
विधायक बरगी
विधानसभा जबलपुर



मा. कमलनाथ
पूर्व मुख्यमंत्री

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मा. लखन घनघोरिया
पूर्व कैबिनेट मंत्री

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रवेश प्रारंभ
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
आधारताल/गोहलपुर जबलपुर


गणतंत्र दिवस पर प्राचार्या का संदेश-इस माटी से पहचान है, देश हमारी शान है, मरते मिटते रहेंगे हम अपने देश पर जब तक हमारी जान है, 75वे गणतंत्र दिवस की आप सभी जबलपुर वासियों को मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान पूर्णरूप से लागू हुआ था इसी दिन भारत को गणराज्य का दर्जा मिला था। ये विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। हम सभी का यह फर्ज है की हम हमारी राष्ट्रीयता को सर्वोपरि धर्म माने क्योंकि मातृभूमि और राष्ट्रीयता से बढ़कर किसी व्यक्ति का कोई धर्म नही होता अत: राष्ट्र की सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक औद्योगिक शैक्षिक और शैक्षिणिक सभी क्षेत्रों मे हमारा ऐसा योगदान रहे की उत्तरोत्तर प्रगति की ओर गतिशील हो और विकास तभी संभव है जब चहुंओर शांति सामंजस्य हो तब हम उन्नति की ओर अपने राष्ट्र को ले जा सकते है। प्राचार्या श्रीमती सोनल तिवारी यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल जबलपुर वंदे मातरम भारत माता की जय

गुलाब टॉवर, स्टेट बैंक के पास, अधारताल, मो: 7987974850, 6263988587
शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर मो: 9111009016

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्राचार्य-श्री गुरू तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, महानद्दा, जबलपुर
अध्यक्ष-श्री गुरू नानक कन्या शाला प्रेम नगर जबलपुर

डॉ. आर.एस. चंडोक



सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
तमिल संघम् जबलपुर
अध्यक्ष
के.व्ही. स्वामी (विक्की)

नगर परिषद भेड़ाघाट, जिला जबलपुर (म.प्र.)
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 की संस्कारधानी वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं भेड़ाघाट निरंतर प्रगति की ओर आपके साथ।

चतुर सिंह लोधी
अध्यक्ष-नगर परिषद भेड़ाघाट जबलपुर

जगदीश दाहिया
उपाध्यक्ष-नगर परिषद भेड़ाघाट जबलपुर

विक्रम सिंह झारिया
सीएमओ नगर परिषद भेड़ाघाट जबलपुर

विनयावनत :- प्रेसीडेंट इन काउंसिल :- श्रीमति मीनाक्षी हीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुश्री काजल दुबे, श्रीमति नरबदा बाई, श्री रमेश यादव, श्री निरंजन भूमिया।

विधायक प्रतिनिधि :- श्री ओमनारायाण दुबे पार्षदगण - श्री महेश प्रसाद तिवारी, श्रीमति संध्या सिंह ठाकुर, श्री अनिकेत भूमिया, श्री सजल तिवारी, श्री अजय पटेल, श्रीमति ग्यारसी बाई, श्रीमति विमला बाई, श्रीमति सुनीता बाई ठाकुर

सभी देशवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. अरुण मिश्रा
वरिष्ठ समाजसेवी
श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ (रजि.)

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जबलपुर की ओर से 26 जनवरी- गणतंत्र दिवस की संस्कारधानी जबलपुर और देश प्रदेश के सभी लोगो को हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं साथ ही आप सभी से निवेदन है कि हेलमेट पहन कर ही अपने दो पहिया वाहन चलाएं और यातायात नियमों का पालन करें।

निवेदक- समस्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय अधिकारी एवं कर्मचारीगण जबलपुर

गणतंत्र दिवस पर अनेक स्थानों पर सांस्कृतिक देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का होगा आयोजन

# गणतंत्र के राष्ट्रीय महापर्व पर आज सर्वत्र फहरायेगा तिरंगा



**जबलपुर।** राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस आज 26 जनवरी को पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुख्य समारोह पुलिस स्टेडियम में आयोजित किया गया है। यहां समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश की जनता के नाम अपना संदेश का वाचन करेंगे। पुलिस परेड दल द्वारा मार्च पास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी जाएगी। मुख्य समारोह के साथ ही जिले भर में शासकीय अशासकीय दफ्तरों व स्कूल, कॉलेजों में भी पूरी आन बान शान के साथ तिरंगा फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर अनेक स्थानों पर सांस्कृतिक देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है।

## नगर कांग्रेस

शहर कांग्रेस जगत बहादुर अन्नू ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर शहर कांग्रेस के द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के उत्तरा अधिकारियों एवं नगर के कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में को सुबह 8.30 बजे तिलक भूमि तलैया शहीदों के स्मारक एवं 9 बजे त्रिपुरी कांग्रेस कमानिया गेट व 9.15 बजे खादी भंडार में ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का संदेश का वाचन होगा।

## नगर निगम

नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू प्रात 7.30 बजे ध्वजारोहण कर अग्नि सैन्य दल द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी लेंगे। नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज और नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल सहित सभी पार्षद उपस्थित रहेंगे। नगर निगम आयुक्त प्रीति यादव ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से निर्धारित समय से 10 मिनिट पूर्व गणवेश में उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

## जेडीए

जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संभागायुक्त बी चंद्रशेखर प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## पशिचम मध्य रेलवे

पश्चिम मध्य रेल्वे के महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय प्रातः 8 बजे रेल्वे स्टेडियम में आयोजित समारोह में ध्वजारोहण कर रेल पुलिस द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर रेल्वे परिवार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे।

## विद्युत कंपनी मुख्यालय में ध्वजारोहण

मध्यप्रदेश की बिजली कंपनियों के मुख्यालय में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक रघुराज राजेन्द्रन पाण्डुताल मैदान में प्रातः 9.00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर राजेन्द्रन सुरक्षा सैनिकों की परेड की सलामी लेंगे। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के सुरक्षा निकाय बैण्ड दल द्वारा राष्ट्रीय गीतों की धुन प्रस्तुत की जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) राजीव गुप्ता एवं बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## भाजपा नगर कार्यालय में ध्वजारोहण

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर कार्यालय में आज 26 जनवरी को प्रात 8 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभास साहू ने नगर के सभी पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ से उपस्थिति की अपील की है।

## कृषि विवि

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर मुख्यालय स्थित जवाहर स्टेडियम में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के पावन अवसर पर मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा प्रात 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे।

## प्रशासनिक भवन जनेकृविवि

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रशासनिक भवन में प्रात 8.15 बजे कुलसचिव रेवासिंह सिसोदिया ध्वजारोहण करेंगे।

## कृषि महाविद्यालय

कृषि महाविद्यालय जबलपुर में प्रात 8.30 बजे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. पी.बी. शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

## कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर

कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर में प्रात 8.15 बजे अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड में

# लोक निर्माण मंत्री ध्वजा रोहण कर लेंगे परेड की सलामी



**जबलपुर।** राष्ट्र का 75वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षेल्लास और उत्साह से मनाया जायेगा। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया गया है। यहां सुबह ठीक 9 बजे प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और प्रदेश की जनता के नाम अपने संदेश का वाचन करेंगे। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में आयोजित परेड में जिला पुलिस बल, एस.ए.एफ., जेल प्रहरी, होमगार्ड, यातायात पुलिस, एन.सी.सी. के सीनियर ब्वायज एण्ड गर्ल्स, एन.सी.सी. जूनियर ब्वायज एण्ड गर्ल्स, एनसीसी नेवल यूनिट तथा स्काउट-गाईड की प्लाटून शामिल होंगी। परेड में शहर एवं ग्राम रक्षा समिति, ट्रेफिक वार्डन एवं शौर्या दल की टुकड़ी भी सम्मिलित होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर के शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये जायेंगे।

मुख्य समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपनी उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां भी निकाली जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं अन्य व्यक्तियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर स्वतंत्रता सोनानियों और लोकतंत्र रक्षा सेनानियों का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय स्मारकों पर रोशनी

समारोह स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, भूतपूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, पत्रकारों सहित यहां पहुंचने वाले आम नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। समारोह स्थल पर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किये गये हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में स्थित राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों एवं स्थलों, शासकीय भवनों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जायेगा।

जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के साथ-साथ अनुविभाग, तहसील, विकासखण्ड, नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किये जायेंगे और सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाने की अपील की गई है।

## श्री राम कथा का आयोजन 31 से

**मझौली।** श्री राम कथा का आयोजन स्थान श्री बजरंग कुटी पुरानी बाजार मझौली में किया जा रहा है जिसमें अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्राची देवी होंगी। श्री अंजनी बजरंग कुटी दुर्गा उत्सव राम कथा समिति एवं मा मन्नत दरबार मझौली 31 जनवरी दिन बुधवार को विशाल कलश शोभायात्रा दोपहर 2:00 बजे बजरंग कुटी मझौली से निकली जाएगी। 1 फरवरी से 9 फरवरी तक नित्य प्रतिदिन 3:00 बजे श्री राम कथा का वाचन किया जाएगा। 10 फरवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा।

मुख्य समारोह स्टेडियम में

# सिहोरा में आज जगह जगह होगा ध्वजारोहण

**सिहोरा।** गणतंत्र दिवस समारोह आज नगर में हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा तथा इस अवसर पर जगह जगह ध्वाजारोहण भी किया जायेगा। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर की समस्त शासकीय भवनों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई है। गणतंत्र दिवस पर जनपद पंचायत सिहोरा में जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, नगर पालिका में अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे द्वारा ध्वाजारोहण किया जायेगा इसके अलावा तहसील कार्यालय, विधायक कार्यालय, वन परिक्षेत्र सिहोरा, उप पंजीयक कार्यालय, कृषि विभाग कार्यालय,पुलिस थाना सिहोरा, खितौला के अलावा नगर की समस्त शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालयों में गणतंत्र दिवस पर बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन स्वर्गीय अरूणाभ घोष मेमोरियल स्टेडियम मैं प्रातः9 बजे से रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद अध्यक्ष के मुख्यातिथ्य, संतोष बरकडे विधायक सिहोरा की अध्यक्षता एंव संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया है।जिसमें ध्वजारोहण के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कुलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जायेंगे।

# 2 किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** बेलबाग थाना अतंर्गत बल्ली मार्केट के मैदान बेलबाग के पास मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त कर लिया है। बेलबाग थाना प्रभारी प्रवीण कुम्हरे ने बताया कि शंकर घी भंडार गढ़ाफाटक लार्डगंज निवासी 47 वर्षीय अजय गुप्ता बल्ली मार्केट मैदान बेलबाग में गांजा लेकर खड़ा हुआ था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अजय गुप्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत लगभग 22 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शासकीय कालेज में हुआ आयोजन

# राष्ट्र निर्माण में युवाओं की होगी महत्वपूर्ण भूमिका : युवा मोर्चा



**सिहोरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्रामीण के नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल महाविद्यालय में किया गया वर्चुअल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर देश की विकास के लिए अनेक योजनाओं को चलाया जा रहा है इसी क्रम में विकसित भारत में युवाओं की क्या भूमिका हो और जब भारत की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तो आप सभी युवाओं का भारत को विकसित बनाने के लिए आप सभी का योगदान अधिक से अधिक हो इसकी भूमिका आज से ही तय करना पड़ेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू ने कहा कि आज भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है आने वाले समय में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने कहा की भारत विश्व में सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है और आने वाले समय में सबसे ज्यादा युवा मतदाता एवं उनके साथ-साथ नव मतदाता देश की दिशा और दशा को निर्धारण करेंगे इसलिए युवाओं को विकसित भारत के इस अभियान से जोड़ने के लिए युवा मोर्चा के द्वारा अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के इस अवसर पर सिहोरा नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे,पार्षद अजय बेटू शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक परौहा,ज़िला उपाध्यक्ष आयुष सेठी,मंत्री पलाश दुबे,सिहोरा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष आकाश जैन के साथ कालेज के छात्र छात्रा एंव स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे ।

## रचनाओं के माध्यम से हास्य परोसते हैं तिवारी

**सिहोरा।** पाठक मंच सिहोरा साहित्य अकादमी भोपाल के अंतर्गत इस बार इस संजय तिवारी साहिल की रचनाओं पर विमर्श का आयोजन श्रीमती आशा अवस्थी के मुख्य आतिथ्य,वरिष्ठ साहित्यकार अश्विनी कुमार पाठक की अध्यक्षता एंव श्रीमती सुषमा खरे के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। जिसमें प्रमोद दाहिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की उदबोधन में संजय तिवारी ने कहा की उन्होंने जबसे हास्य रचनाएँ लिखीं तो बहुत सराहना मिली तब से उनका काव्य लेखन की ओर झुकाव पैदा हुआ। तिवारी की रचनाओं पर मुकेश त्रिपाठी, रमाकांत पाठक,आशा निर्मल जैन, अरुणा पांडे, आदि ने विमर्श प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अपनी विशिष्ट शैली में नारायण तिवारी ने किया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने प्रत्येक रचना पर विस्तृत विमर्श प्रस्तुत किया। आभार प्रदर्शन पाठक मंच की संयोजक डॉक्टर अरुणा पांडे के द्वारा किया गया।

पारा 6 डिग्री पर आया

# सर्द हवाओं की रफ्तार से पारा धराशायी

**जबलपुर।** सर्द हवाओं की रफ्तार के आगे पारा धराशायी हो गया। दिन और रात का तापमान सामान्य से 4 डिग्री नीचे खिसक गया है। जोरदार ठंड की वजह से लोग दिनभर गर्म कपड़ों से लदे नजर आ रहे हैं। वहीं रात को आलाव की जरूरत महसूस हो रही है। लेकिन शहर से अलाव नदारद नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक मौसम शुष्क होने और उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण पारा अभी नीचे आयेगा।



एक हफ्ते तक पश्चिमी विक्षोप का प्रभाव हावी होने से पारा इतरा रहा था। जम्मू काश्मीर और दिल्ली में हुई भारी वर्षा और ओलावृष्टि के कारण उत्तरी सर्द हवाओं का फिर से आगमन हो गया, जिससे ठण्ड अपना असर दिखाने लगी है। तापमान में गिरावट का दौर शुरू हुआ। पिछले 15 दिनों से पश्चिमी विक्षोप के कारण पारा इतरा रहा था। औसत से ऊपर चला गया था। पिछले तीन दिनों से मौसम शुष्क होने के कारण फिर कड़ापे की ठण्ड का दौर शुरू हो गया है। अचानक फिर से मौसम के मिजाज बदले। उत्तरी हवाओं ने तापमान की अकड़ ढीली कर दी।

पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 70 प्रतिशत और सायंकाल 34 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्येदय सुबह 6.52 बजे और सूर्यास्त शाम 5.53 बजे हुआ। उत्तरी हवायें 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 24.05 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.04 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने और तापमान में गिरावट आने की संभावना है। प्रदेश में सबसे कम 1.7 डिग्री शहडोल कल्याणपुर में दर्ज किया गया।

# गुंडे वसूली करने घर में घुसे, मना करने पर चाकू मारा

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अतंर्गत चौपड़ा कुआ हनुमानताल में दो बदमाश भाई एक युवक के घर में घुसे और शराब पीने के लिए जबरन रुपयों की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों बदमाशों ने मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। पिता और चाचा ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घायल युवक को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चौपड़ा कुआं हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय सौरभ साहू गत रात लगभग 11 बजे काम से अपने घर आया और जैसे ही घर का दरवाजा खोलकर अंदर गया तभी उसके पीछे दो भाई अन्नू सेन और अमन सेन दोनों उसके घर में घुस गए और उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करने पर अन्नू सेन ने मारपीट की और अमन सेन ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पिता सुनील साहू और चाचा अरिवन्द साहू ने बीच बचाव किया तो दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 452, 327, 323, 324, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत ललपुर नई बस्ती में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ललपुर नई बस्ती गौरीघाट निवासी 42 वर्षीय जेम्स डेबिट गत दिवस घर पर अकेला था उसकी पत्नी श्रीमति संगीता विश्वकर्मा बंगले में झाडू पोछा लगाने के काम पर गई थी। उसकी पत्नी संगीता विश्वकर्मा अपने घर पहुंची और पति को आवाज दी। आवाज देने पर जब उसका पति दरवाजा खोलने नहीं आया तो उसने छत में जाकर देखा कि पति जेम्स डेबिट ने चुन्नी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# ट्रैक्टर दीवाल से टकराया, महिला घायल

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत संजय नगर में एक टेक्टर ने एक घर की दीवाल में टक्कर मार दी, जिससे घर क्षतिग्रस्त हो गया और एक महिला के दोनों पैरों में भी चोटें आ गई। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजयनगर अधारताल निवासी 55 वर्षीय श्रीमति सरोज राजपूत गत रात लगभग 8.15 बजे घर पर थी उसी समय बिना नंबर का एक टेक्टर उसके घर की दीवाल में टक्कर मार दिया, जिससे दीवार टूट गई और किचिन में भी नुकसान हो गया तथा उसके दोनों पैरों में चोटें आ गई। पुलिस ने आरोपी टेक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# जुए के फड़ से 4 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत गत शाम ग्राम खरोंद में एक खेत के पास चल रहे एक जुए के फड़ पर पुलिस ने छापा मारकर 4 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते और 16 हजार 100 रुपए जब्त किए है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खरोंद में एक खेत के पास आजाद वार्ड पनागर निवासी मुकेश कुमार पाण्डे, जयप्रकाश वार्ड पनागर निवासी रतन पालीवाल, जगमोहन वार्ड पनागर निवासी भागीरथ रजक उर्फ जिमी रजक, सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड मदनमहल निवासी प्रशांत तिवारी जुआ मन्ना खेल रहे थे।




**कु. मोनिका सिंह-** सर्रापीपल रांझी निवासी श्री उदयभान सिंह की पुत्री कु. मोनिका सिंह (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पप्पू लाल-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री पप्पू लाल (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री तपन सेनगुप्ता-** रांझी अम्बेडकर वार्ड निवासी श्री तपन सेनगुप्ता (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीलू कुचबंधिया-** चांदमारी टेस्टिंग रोड निवासी श्री मोहित कुचबंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती नीलू कुचबंधिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई चक्रवर्ती-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री गोरे लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई चक्रवर्ती (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. प्राची रैकवार-** पुराने हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री अशोक रैकवार की पुत्री कु. प्राची रैकवार (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला गाडगिल-** आनंद अपार्टमेंट होम साईंस कॉलेज रोड निवासी श्री कृष्णा गाडगिल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला गाडगिल (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील डाकोरे-** रांझी सरस्वती स्कूल के पीछे निवासी श्री सुनील डाकोरे का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी बाई-** सतीश का बगीचा सदर केंट निवासी श्री शिव प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप

### आर्थिक गलियारा अपग्रेड चीन पाक के साथ राजी



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना- सीपीईसी पर अरबों डॉलर का निवेश किया है। जिनपिंग प्रशासन ने कहा है कि वह चीन-पाक आर्थिक गलियारे को अपग्रेड करने की परियोजना पर एक साथ काम करने को राजी है। आपसी विश्वास को और मजबूत करने के मकसद से फैसला लिया है।

### सऊदी अरब में 72 साल से शराब बैन, अब शुरू



**रियाद।** इस्लामिक देश सऊदी अरब में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब राजधानी रियाद में शराब की पहली दुकान खुलने जा रही है। 72 साल से इस पर बैन लगा था। हालांकि शर्त है कि शराब सिर्फ गैर-मुस्लिम राजनयिकों को ही बेची जाएगी। शराब का मंथली कोटा भी होगा। शराब खरीदने से पहले मोबाइल ऐप के जरिए रजिस्टर करना होगा।

# एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण

## फायरपावर से कांपेगा दुश्मन

1. आत्मनिर्भर भारत के तहत एक और सफल शॉट
2. ब्रह्मोस मिसाइल हुई और ताकतवर
3. टारगेट को खत्म करने में सक्षम यह मिसाइल
4. इसकी रेंज 800 किलोमीटर से ज्यादा
5. दुश्मन की नजर में नहीं आती ब्रह्मोस मिसाइल
6. यह मिसाइल हवा में ही रास्ता बदलने में सक्षम

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उन्नत सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से भूमि लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। वायुसेना ने जंगी जहाज से नई ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल की रेंज और फायर पावर में इजाफा किया गया है। यह लैंड अटैक वर्जन थी। ब्रह्मोस मिसाइल अमेरिका के टोमाहॉक मिसाइल से दोगुना तेज उड़ती है। यह मिसाइल 1200 यूनिट की ऊर्जा पैदा करती है, जो किसी भी बड़े टारगेट को मिट्टी में मिला सकता है।



# 90 सेकेंड के लिए रुकी 'प्रलय की घड़ी'

## ये बताएगी कब खत्म होंगे इंसान? जंग-जलवायु परिवर्तन हैं असली वजह

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

लगातार दूसरे साल प्रलय की घड़ी को आधी रात से 90 सेकेंड पर सेट किया गया है। जैसे ही इस घड़ी में 12 बजेगा, वैसे ही तय हो जाएगा कि धरती अब मनुष्यों के रहने लायक नहीं बची है। इसे कयामत की घड़ी भी कहते हैं। यहीं से शुरू हो जाएगा इंसानों का सर्वनाश. हर साल यह घड़ी यह तय करती है कि मानव जाति के प्राकृतिक, राजनीतिक, परमाणु जंग को रोकने के लिए कितना समय है। पिछले 75 वर्षों में, घड़ी की सूइयां इस हिसाब से घूमती हैं कि जलवायु परिवर्तन और परमाणु युद्ध सहित पृथ्वी पर मानव सभ्यता को समाप्त करने वाले खतरों से निपटने के लिए कदम उठाए गए थे या नहीं। पिछले साल भी इस घड़ी की सुइयों मध्यरात्रि से डेढ़ मिनट पहले सेट किया गया था। इससे पहले ऐसे हालात शीत युद्ध के दौरान थे। दो साल से अगर इस घड़ी की सुइयां इतने पर ही सेट है, इसका मतलब ये है कि इंसान हर मामले में धरती को नुकसान पहुंचा रहा है।




### हिरोशिमा-नागासाकी बमबारी के बाद बनाई गई थी घड़ी

ब्रोंसन ने कहा कि इसका एकदम उल्टा हो रहा है। धरती को बचाने के लिए दुनिया भर की सरकारों और समुदायों के लिए कई तरह के सकारात्मक कदम उठाने होंगे। यह घड़ी और उससे जुड़े बुलेटिन के लिए परमाणु वैज्ञानिकों ने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बमबारी के बाद एक समूह बनाया। यह मैनहट्टन परियोजना के तहत शिकागो यूनिवर्सिटी में बना था।

### यहां तय किया जाता है प्रलय का समय

डूम्सडे क्लॉक केलर सेंटर में स्थित है। यह शिकागो विश्वविद्यालय हैरिस स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में है। फिलहाल शिकागो शिवविद्यालय के प्रो. डैनियल होल्ज विज्ञान और सुरक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हैं, जो हर साल घड़ी की सुइयां निर्धारित करते हैं।

### घड़ी का मकसद जागरूक करना

रैशेल ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश सकारात्मक कदम है। बुलेटिन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि घड़ी का उद्देश्य लोगों को भयभीत करना नहीं है, बल्कि उन्हें जागरूक करना है। सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करना है। पूरा बयान दुनिया को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाइयों को सूचीबद्ध करता है।

### बढ़ता तापमान, जंग और एआई

1947 में कलाकार और बुलेटिन सदस्य मार्टिल लैंग्सडॉर्फ ने यह बताने के लिए कि मानवता अपने विनास के कितने करीब है, यह प्रलय की घड़ी बनाई थी. इस बार के बुलेटिन में रूस-यूक्रेन युद्ध, गाजा-इजरायल युद्ध और पिछले साल का सबसे गर्म वर्ष होना, विनाश की एक प्रमुख वजह मानी गई है। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी विकास के लिए एक विघटनकारी तकनीक के रूप में देखा जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार और दुष्प्रचार बढ़ने की आशंका है।

# नासा ने शेयर की 6,000 प्रकाश वर्ष दूर 'स्नोमैन' की तस्वीर

एजेंसी ▸▸ न्यूयार्क

नासा के 'हबल टेलीस्कोप' ने अंतरिक्ष में एक 'स्नोमैन' की तस्वीर खींची है, जो पृथ्वी से 6,000 प्रकाश वर्ष दूर है। नासा के अनुसार, ये तस्वीर एक नेबुला की है, जो आस-पास के विशाल तारों की एनर्जी से चार्ज होता है। ये तारे अपने ही प्रकाश से चमकते हैं। इंटरनेट यूजर्स इसे देखकर हैरान हो रहे हैं। 'नासा' ने इसे इंस्टाग्राम पर 'नासा हबल' नामक हैंडल से शेयर किया है। इसके कैप्शन में लिखा है- क्या आप इस हबल तस्वीर के ऊपर की तरफ 'स्नोमैन' देख सकते हैं? खूबसूरत स्नोमैन नेबुला लगभग 6,000 प्रकाश वर्ष दूर है। नेबुला के रूप में बटें हुए, गैस के ये फैले हुए बादल आसपास के विशाल सितारों की एनर्जी से इतने चार्ज हो गए हैं कि वे खुद के प्रकाश से चमकते हैं।

### सोशल मीडिया पर वायरल



'नासा' (नैशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने इस तस्वीर के डिटेल में लिखा है- ऊपर की तरफ बाईं ओर तीन चमकीले, नीले-सफेद तारे, चमकती गैस और चमकीला लाल-भूरे, नारंगी और सफेद रंग, एक स्नोमैन की तरह नजर आ रहा है। इसका ऊपरी भाग उसका स्कार्फ जैसा लग रहा है और उसके सिर पर एक टोपी नजर आ रही है। तस्वीर के बाकी हिस्से में अंधेरा और कई चमकते सितारों हैं।

एजेंसी ने ये पोस्ट 18 जनवरी को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। लेकिन कुछ ही दिनों में 60 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं और लोग 'स्नोमैन' को लेकर अपने रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'ये काफी खूबसूरत है'। दूसरे ने लिखा, 'ये तस्वीर यूनिवर्स की खूबसूरती को जाहिर करती है'।

### नेबुला या डस्ट बादल

नेबुला जिसे हिंदी में निहारिका भी कहते हैं, लैटिन भाषा का एक शब्द है। इसका अर्थ है धुंध या धूलभरे बादल, जो कई गैसों के समूह से बनते हैं। नेबुला वो जगह होती है, जहां किसी नए तारे का जन्म होता है। दरअसल नेबुला में गैस और धूल गुरुत्वाकर्षण की वजह से अपने केंद्र में इकट्ठा होने लगते हैं और चमकीले बादल एक गोल पिंड का रूप ले लेते हैं। यहीं से एक तारे का जीवन चक्र शुरू हो जाता है।

**गणतंत्र दिवस से पहले बड़ा आतंकी हमला नाकाम**

# सेना ने पुलवामा में डिफ्यूज किया जिंदा आईईडी बम



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने एक आईईडी को डिटेक्ट किया और उसे बम निरोधक दस्ते की मदद से डिफ्यूज भी कर दिया। अतंकियों ने इस आईईडी को भारतीय सेना को निशाना बनाते हुए प्लांट किया था। आगामी गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों की प्लानिंग भारतीय सेना को निशाना बनाने की थी। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के चलते एक बड़ी आतंकी घटना को टालने में मदद मिली। सेना इस वक्त इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है ताकि आतंकियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। केंद्र सरकार कश्मीर में आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

### दो सप्ताह पहले भी हुआ था आतंकी हमला

*इससे पहले 12 जनवरी को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा हमला किया गया था। पुंछ के खनेतर क्षेत्र में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। जिसके बाद जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इससे पहले राजौरी के डेरा की गली में दो सैन्य वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए थे।*

## अनंतनाग जिले में 'आतंकी' की संपत्ति कुर्क

एक सप्ताह पहले ही जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में अधिकारियों ने आतंकवाद से जुड़े मामले में एक आरोपी की संपत्ति कुर्क की थी। यह संपत्ति अब्दुल सलाम राठेर की है, जिसका बेटा जहूर अहमद राठेर कथित तौर पर आतंकवादियों के सहयोगी के रूप में काम कर रहा था और आतंकवादियों को खाना, आश्रय और अन्य सहायता प्रदान कर रहा था। पुलिस ने संबंधित कार्यकारी मजिस्ट्रेट के साथ अनंतनाग के तांगपावा-कोकेरनाग में अब्दुल सलाम राठेर की आवासीय संपत्ति को कुर्क किया है।

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।


**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# विदेशी नंबर से आए कॉल तो हो जाएं सतर्क

**गृह मंत्रालय ने किया है एलर्ट**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मैसेजिंग प्लेफॉर्म व्हाट्सएप पर होने वाले कई घोटालों के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले पुलिस थिंक टैंक ने सलाह और चेतावनी जारी की है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) ने सात तरह की ऐसी धोखाधड़ी की पहचान की है। जिसमें मिस्ड कॉल, वीडियो कॉल, नौकरी की पेशकश और निवेश योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी, अपहरण और स्क्रीन शेयर शामिल हैं। आठ पेज की एडवाइजरी में कहा गया कि हाइजैकिंग घोटाले के हिस्से के रूप में घोटालेबाज पीड़ित के व्हाट्सएप खाते तक अनधिकृत पहुंच बनाते हैं और उनसे संपर्क कर पैसे की डिमांड करते हैं। यहां तक कि कुछ लोगों को अज्ञात नंबरों से व्हाट्सअप वीडियो कॉल भी आते हैं, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर धमकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही ब्लैकमेल के बदले पैसे मांगते हैं। बीपीआरडी गृह मंत्रालय के तहत पुलिसिंग विषयों पर एक थिंक टैंक है।

## शब्द पहेली - 5406



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5405 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्ष्य | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | ड़ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |

## सूडोकू नवताल - 5416

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5415 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

### नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन

# भारत को विकसित बनाने युवाओं की होगी अहं भूमिका: राकेश सिंह

**जबलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर के द्वारा शहर की चारों विधानसभाओं में नव मतदाता दिवस के अवसर पर नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से नव मतदाताओं को संबोधित किया गया। युवा मोर्चा द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक निर्माण मंत्री मध्यप्रदेश शासन राकेश सिंह उपस्थित रहे। वहीं राम कॉलेज सभागार में आयोजित नव मतदाता सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभात साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजन भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है तो युवा मतदाताओं का वोट तय करेगा कि भारत की दिशा क्या होगी। कार्यक्रम में नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा एक वोट ने देश की दशा और दिशा को बदल दिया है. अभी भी युवाओं का एक वोट देश की दिशा को बदल सकता है. उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज ऊंचाइयों की ओर जा रहा है. जिसका नतीजा है कि राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है. आतंकियों का गढ़ कहा जाने वाला कश्मीर से धारा 370 तक हट गई है. आज कश्मीर के लोग खुशहाल जीवन जी रहे हैं. ऐसे में युवाओं का एक वोट देश के लिए बहुत जरूरी है. लोकतंत्र के मेले में युवा अधिक से अधिक अपना मत प्रयोग कर देश की दिशा को बदल सकते। इसी प्रकार से उत्तर मध्य विधानसभा में राम कालेज सभागार में , केंट विधानसभा में मॉडल साइंस कॉलेज एवं पूर्व विधानसभा में रानी दुर्गावती चिकित्सालय में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभात साहू,महामंत्री पंकज दुबे,राजीव बेंतिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह,शुभम अरिहंत, गोपाल गुप्ता,राम सोनकर रविंद्र तिवारी, शरद विश्वकर्मा,अंकित पाठक, अर्पित दुबे , आर्यन मिश्रा,आयुष सिंह,राहुल तिवारी,अभिषेक सराफ,वैभव चौरसिया, निक्की रजक,पीयूष समदरिया, हर्षित राय, रनेश खरे,पंकज राजपूत मेडिकल कॉलेज से गीता राइन,अरविंद शर्मा आदि उपस्थित थे।



# हाईकोर्ट ने कहा: धरातल पर कुछ नहीं हो रहा है, केवल हो रहा जनता की जान से खिलवाड़

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता का मामला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट, हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता के मामले में शासन द्वारा पेश की गई रिपोर्ट पर असंतोष जाहिर किया। ओपन कोर्ट में टिप्पणी करते हुए कहा कि धरातल पर कुछ नहीं हो रहा है, जनता की जान से खिलवाड़ हो रहा है। केवल रिपोर्ट पेश हो रही है। कोर्ट ने यह भी कहा कि शासकीय वाहनों तक में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी हैं। चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की खंडपीठ ने राज्य सरकार को इस संबंध में 6 फरवरी तक पुनः रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।

पिछली सुनवाई के दौरान प्रदेश के परिवहन आयुक्त और एडीजीपी को भी कोर्ट ने जमकर फटकार लगाई थी। दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। उनकी ओर से भी जवाबदावा पेश किया गया।

दरअसल, जुलाई माह में सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने अंडरटेकिंग दी थी कि आगामी 6 माह में के भीतर प्रदेश के प्रत्येक वाहन में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लग जाएगी। इसी तरह प्रत्येक दोपहिया वाहन चालक के सिर पर हेलमेट होगा और कार चालक सीट बेल्ट पहनेगा। सरकार ने अंडरटेकिंग दी थी कि 15 जनवरी 2024 के बाद यदि एक भी वाहन चालक उक्त नियमों का उल्लंघन करता है तो परिवहन आयुक्त और एडीशनल इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस अवमानना की कार्रवाई के लिए जिम्मेदार होंगे।गौरतलब है कि ग्वालियर की विधि छात्रा ऐश्वर्या शान्डिल्य ने 2021 में ग्वालियर बेंच में जनहित याचिका दायर की थी। मामले की गंभीरता और व्यापकता को देखते हुए चीफ जस्टिस ने यह याचिका ग्वालियर पीठ से मुख्यपीठ जबलपुर स्थानांतरित कराई। याचिकाकर्ता की ओर से ग्वालियर के अधिवक्ता अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि मोटर वीकल एक्ट और रूल्स में दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

# खिलाड़ियों का सम्मान आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश सिंचाई विभाग स्पोर्ट्स क्लब की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शिवपुरी में दिसम्बर माह में आयोजित की गई थी, जिसमें जबलपुर सिंचाई विभाग के स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी फुटबॉल, शतरंज, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, कबड्डी में विजेता रहे, इन खिलाड़ियों को 26 जनवरी पर रानी अवंती बाई सागर जबलपुर के रेस्ट हाउस में दोपहर 02 बजे सम्मानित किया जाएगा। प्रांताध्यक्ष प्रवीण शर्मा, चन्दू जावलकर ने सभी खिलाड़ियों से उपस्थिति की अपील की है।

# प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिषद की अनुशंसा पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे के मुख्यआतिथ्य में सस्य विज्ञान विभाग में आयोजित किया गया। मुख्यअतिथि डॉ. धीरेन्द्र खरे ने कहा कि सम्पूर्ण पर्यावरण की सुरक्षा एवं मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। आपने किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को इस दिशा में मिलकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया, ताकि प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्रशिक्षण कार्यकम में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों वैज्ञानिकों ने खेती में उपयोग हो रहे रसायनों के दुष्प्रभाव पर गंभीर चिंता प्रकट की तथा इसे रोकने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अमित झा द्वारा किया गया। इस अवसर में अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी.बी. शर्मा, विभागाध्यक्ष, सस्य विज्ञान डॉ. के. के. अग्रवाल एवं सभी संबंधित विषयों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# लोधी महासभा का होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन



**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जिला लोधी महासभा द्वारा युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन आर्या मैरेज गार्डन, तेवर में 28 जनवरी, 2024 को आयोजित है, जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रहलाद पटेल, केबीनेट मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक बरगी नीरज पटेल की है, परिचय सम्मेलन में करीब 4000 स्वजातीय लोगों के आने की संभावना है, हम प्रिंट मीडिया के माध्यम से जो हमारे स्वजातीय बंधू-बंधूओं को आमंत्रित करना चाहते हैं, हमारा कार्यक्रम 28 जनवरी, 2024 को है, कार्यक्रम में हमारे नव निर्वाचित 11 स्वजातीय विधायकों का सम्मान एवं युवक-युवती परिचय का कार्यक्रम निहित है, स्वजातीय बंधू-बंधूओं का स्वागत वंदन अभिनन्दन है, बैठक में राजकुमार (पूर्व पार्षद) तेवरी राजेन्द्र लोधी, एस. एस.एस. राजपूत, छोटे सिंह ठाकुर, बी.एस. पटेल, शिव कुमार पटेल (ग्रामीण अध्यक्ष), एम.के. सुलाखे जी अध्यक्ष, कल्याण सिंह जी, जनक पटेल जी, भारतभूषण पटेल, रंजीत सिंह ठाकुर, बिरजू ठाकुर, अतुल पटेल, बाल किशन पटेल जी एवं सभी सदस्य उपस्थित थे ।



# मतदाता दिवस पर युवा मतदाताओं ने सुना प्रधानमंत्री का संबोधन

**जबलपुर।** महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा युवा मतदाताओं को संबोधित किया गया, इस कार्यकम का सीधा प्रसारण महाविद्यालय के कक्ष क. 1 मे प्रातः 10 बजे केंट विधायक अशोक रोहाणी की अध्यक्षता में एवं माइकल प्रदीप कपूर एवं अंकित फ्रांसिस, जनभागीदारी सदस्यों एवं प्राचार्य डॉ. ए.एल. महोबिया की उपस्थिति में किया गया। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों/सह प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों/कीडा अधिकारियों, ग्रंथपाल, अतिथि विद्वानों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थित रहे, मंच संचालन में डॉ. श्रीमती शिखा सक्सेना, डॉ. रवि कटारे, डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. रचना साँचा एवं मुकेश चतुर्वेदी का विशेष सहयोग रहा।

# काली मठ मंदिर में सुहागलों का कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** काली मठ मंदिर में आयोजक काली मठ काली धाम परिवार की ओर से हर साल की तरह इस साल भी मां शाकंभरी महोत्सव में सुहागलों का कार्यक्रम किया गया जिसमें लगभग ढाई से 3 हजार सुहागलों ने पूजन अर्चन किया प्रमुख रूप से काली धाम के दंडी स्वामी श्री कलिकानंद जी सरस्वती एवं काली मठ के महंत श्री चंद्रशेखरानंद जी एवं संस्कारधानी के प्रथम नागरिक जगत बहादुर एवं महिला काली शक्ति मठ समिति की पिंकी दहिया दुर्गा सैनी एवं सैकड़ो महिला उपस्थिति रही पूरे महोत्सव को सफल बनाने में समिति एवं काली मठ के भक्तगणों एवं सदस्य का विशेष सहयोग रहा।

# सफाई कर्मी से मारपीट मामले में हड़ताल के बाद एफआईआर

### रांझी में नहीं हुई सफाई, कर्मियों ने घेरा थाना

**जबलपुर।**

बुधवार को महिला सफाई कर्मी के साथ हुई मारपीट का मामला गुरुवार को एक बार फिर सुलगा। गुरुवार सुबह से ही नगर निगम के रांझी जोन के सफाई कर्मचारी एकजुट त्रत हो गये और हड़ताल शुरु कर दी। यहां कर्मियों हड़ताल शुरु कर दी। सैंकड़ों कर्मी एकजुट होकर रांझी थाने पहुंच गये।। यहां एफआइआर की मांग करते हुये धरने पर बैठ गये। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने बाद हड़ताल समाप्त हुई। लेकिन बताया जा रहा है गुरुवार को रांझी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई। हड़ताल के चलते रांझी क्षेत्र में ना तो आज कहीं पर भी सफाई हुई और ना ही कहीं का कचरा उठाया गया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी नेता अमित मेहरा ने बताया कि नेहा डोंगरे बुधवार को झाडू लगा रही थी। इसी दौरान दुकान संचालक वी साईनाथ उसे गंदी-गंदी गालियां देकर बाल पकड़कर पीटने लगा। इसके बाद महिला थाने पहुंची लेकिन वहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों नें थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया । जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर कर गिरफ्तारी के प्रयास भी शुरु कर दिए हैं।

### क्या है पूरा मामला

रांझी थाने में 27 वर्षीय नेहा डोगरे पति शारदा डोंगरे निवासी किशन होटल उमेश पांडेय के मकान के पीछे नें बताया की वह नगर निगम में बतौर मजदूरी झाडू लगाने का काम करती है। विगत 24 जनवरी को प्रतिदिन की तरह झाडू लगाने के लिये गीता चौहान, पूजा समुदे के साथ भगत सिह वार्ड गई थी। तभी साथ में गई गीता चौहान और पूजा समुदे चंदशेखर वार्ड में झाडू लगाने चली गयी थी। जब वह कलारी के पास झाडू रही थी, वी. साई नाथ अपनी दुकान के सामने खड़े होकर बोला कि तुम सही ढंग से झाडू नही लगाती हो। जिस पर महिला ने कहा कि भैया मैं तो रोज झाडू लगाती हूं। इसी बात पर भी वीं साईनाथ जाति का शब्दों का उपयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा। उसने जब गाली देने से मना किया और सुपरवायजर को फोन लगा के बताया कि मुझे वी. साईनाथ गाली दे रहा है, तभी वीं साईनाथ बाल पकड़ कर लात घूसो से मारपीट करने लगा। इस दौरान सुपरवायजर राजेश चौधरी एवं काम करने वाली गीता चौहान, पूजा समुदे नें उसका बीच बचाव किया।



# संस्कारधानी में हुआ रामरज और जगद्गुरुजी का भव्य स्वागत

**जबलपुर।** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या जी में हुई श्री रामलला जी की पावन प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने पहुंचे जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री राजेश्वर माऊली सरकार पीठाधीश्वर रुक्मणि पीठ का आज जबलपुर के सदर स्तिथ जे. के. सेलिब्रेशन में आगमन हुआ । आप महाराष्ट्र से 500 किलो कुमकुम ले अयोध्या जी में श्री रामलला जी को अर्पण करने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुए थे विश्व हिन्दू परिषद् महाकोशल प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. वाणी अहलूवालिया ने बताया की गुरुदेव आज श्री राम जन्मभूमी अयोध्या जी से सभी संस्कारधानी वासियों के लिए रामरज (श्री अयोध्या जी की पावन माटी) जबलपुर स्तिथ शिष्य मंडल को अर्पण की और शिष्य मंडल रामरज यात्रा के माध्यम से इस पावन रज को आम जन मानस तक पहुंचाएगा।

# देवेन्द्र भट्ट बने ज़िला उपाध्यक्ष



**जबलपुर।** मध्य प्रदेष जागरूक जागरूक आधिकारी कर्मचारी संगठन मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संगठन के देवेन्द्र कुमार भट्ट को संगठन में जिला उपाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, राकेष श्रीवास,हेमंत ठाकरे स्टेनली नॉबर्ट, मुकेश विश्वकर्मा आदि ने देवेन्द्र भट्ट को बधाई दी।

# खालसा स्कूल रांझी में मतदाता दिवस पर मतदाताओं को शपथ दिलाई



**जबलपुर।** पंजाब एजुकेशन सोसायटी द्वारा 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया, जिसमें पंजाब एजुकेशन सोसायटी के सहसचिव दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने खालसा स्कूल के टीचर्स और मतदाताओं को निर्चाचन का महत्व और मताधिकार के महत्व को समझाते हुए निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। तदोपरांत बीएलओ ललित पटेल केंट 99 में बूथ खालसा स्कूल रांझी को कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं बेस्ट बीएलओ का सम्मान दिया गया। आयोजन में सोसायटी के अध्यक्ष कमलजीत सिंह टीटू जग्गी, अमरजीत सिंह अलग, दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, कुलवंत सिंह जॉली, तरनदीप सिंह नंदा, अमरजीत िसंह आहूजा, हरदीप सिंह, कंवलजीत सिंह सचदेवा, शाला प्राचार्य शशि रजक सहित समस्त शाला स्टॉफ उपस्थित रहा।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15678339K RANK-HAV NAME- SHAILENDRA KUMAR SINGH S/O CHHATTHU PRASAD SINGH of unit HQ 1 STC, JABALPUR (MP) I, have changed name of my MOTHER, from POSHPA SINGH and date of birth 01/07/1957 (name and date of birth as per my army service record) to to name PUSHPA SINGH and date of birth 12/07/1959 (name and date of birth as per my MOTHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 25/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-PUSHPA SINGH
INCORRECT NAME-POSHPA SINGH
CORRECT DATE OF BIRTH-12/07/1959
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1957

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO 15678339K RANK-HAV NAME- SHAILENDRA KUMAR SINGH S/O CHHATTHU PRASAD SINGH of unit HQ 1 STC, JABALPUR (MP) I, have changed name of my FATHER, from CHHATTHU PRASAD SINGH and date of birth 01/07/1956 (name and date of birth as per my army service record) to name CHHATTU PRASAD SINGH and date of birth 01/07/1954 (name and date of birth as per my FATHER, AADHAR CARD vide affidavit dated 25/01/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-CHHATTU PRASAD SINGH
INCORRECT NAME-CHHATTHU PRASAD SINGH
CORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1954
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1956

**आम सूचना**

यह की मैं अधिवक्ता चैतन्य चंसोरिया अपने पक्षकार अतुल कृष्माकर पिता पुरुषोत्तम कृष्माकर निवासी मकान नं ११८९ मोड़ीबड़ा सदर कैंट जबलपुर एवं श्री सौरभ घनघोरिया पिता मनोहर लाल घनघोरिया निवासी 556/3 खटीक मोहल्ला जबलपुर मप्र वालों की और से अधिकृत होकर यह सूचना देना चाहता हूँ की मेरे पक्षकार द्वारा एक अचल संपत्ति जो की मौजा पड़रिया नंबर बंदोबस्त १८५ पटवारी हल्का नं. ५० नया ७१ राजस्व निरीक्षक मंडल खमरिया तहसील व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. पुराना १८६ वर्तमान खसरा नं. १८६/१ का रकवा ०.६६० है खसरा नं. पुराना १८७ वर्तमान खसरा नं. १८७/१ का रकवा ०.३७० एवं खसरा नं. १८८ का रकवा ०.११० एवं खसरा नं. १८९/२ का रकवा ०.२६० है कुल रकवा 1.४०० है जो की क्रय किया जा रहा है यदि किसी भी आम जनता नागरिक को इस क्रय-विक्रय पर आपत्ति है तो १५ दिनों के अंदर मुझसे संपर्क करें नहीं तो १५ दिनों के पश्चात रजिस्ट्री करा ली जावेगी।
दिनांक :25/02/2024
चैतन्य चंसोरिया (अधिवक्ता) मोबाइल 9074749999-कार्यालय : मकान नं १, गली नं ५ सदर बाजार जबलपुर

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**जबलपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को नागरिक अधिकार मंच के तत्वावधान में स्थानीय सामुदायिक भवन पोलीपाथर और बौद्ध विहार परसवाड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रविदास नगर, आम्बेडकर नगर, संजय नगर, लालकुंआ और बागड़ा दफाई से लगभग 100 से अधिक महिलाएं और किशोरियों की उपस्थिति रही। संजय नगर, लाल कुंआ और बागड़ा दफाई के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोकगीत पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी और आम्बेडकर नगर की बच्चियों ने दहेज प्रथा पर आधारित नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से सेलीब्रेशन पैक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ज्योति चौधरी, ईशा चौधरी, चांदनी चौधरी, शिवानी गोयल, प्रियंका चौधरी, प्रिया चौधरी, श्रुति पटेल, परसवाड़ा से तनुष्का अग्रेकर, श्रेया साकरे, महिमा, पलक काछी, किरण अहिरवार आदि किशोरियों ने नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में कौशल चौधरी, भावना बेदी, दीक्षा यादव, अजय सिंगोर और अभिषेक चौधरी ने सहयोग दिया।

# "मैं तो आरती उतारूं रे ईवीएम माता की"

**जबलपुर।** महादलित गठबंधन एवं डोम डुमार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर गौतेल ने कहा कि जब बार-बार ईवीएम का विपक्षी पार्टी विरोध कर रही है तो सत्ताधारी पार्टी को विपक्ष की बात सुनना चाहिए, अगर ईवीएम में गड़बड़ी नहीं है तो सत्ताधारी पार्टी को निःसंकोच ईवीएम के बदले मत पत्र से चुनाव कराना चाहिए, इस पर सत्ताधारी पार्टी को आपत्ति नहीं होना चाहिए। हम मानते हैं ईवीएम कांग्रेस की देन है, लेकिन जब बार-बार एक लम्बे समय से अनेक विपक्षी पार्टियां ईवीएम के बदले मत पत्र से चुनाव की मांग करती आ रही हैं, तो फिर सत्ताधारी पार्टी मत पत्र से चुनाव कराना क्यों नहीं चाहती है?

